# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

करवा चौथ की मंगलकामनाएं

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 20 अक्टूबर 2024






मुस्कुराहट एक ऐसी शारीरिक गतिविधि है, जो ना केवल हमारे शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, इससे हमारे जीवन में खुशी फैलती है। हम टेंशनफ्री होते हैं और हमारे सोशल सर्कल में हमारी इमेज भी पॉजिटिव बनती है। मजे की बात है, यह खूबी हम सभी के पास होती है तो फिर झिझक कैसी? आइए हम भी मुस्कुराएं, आप भी मुस्कुराइए।

# स्माइल प्लीज...
## लाइफ बनेगी हेल्दी-हैप्पी

कवर स्टोरी / लोकमित्र गौतम

एक मुस्कुराहट आपके लाखों बिगड़े काम बना सकती है। एक मुस्कुराहट आपके भीतर अनगिनत सपने जगा सकती है। गुस्से से जल भुन रहे किसी व्यक्ति को एक हल्की सी मुस्कुराहट पानी-पानी कर सकती है। यह सिर्फ भावुक कवियों या दार्शनिकों के उदार आख्यान नहीं हैं। विज्ञान भी इन बातों के साथ अपनी सहमति जता चुका है कि मुस्कुराहट इंसान की बहुत बड़ी ताकत है। सिर्फ ताकत ही नहीं है, मुस्कुराने के अनगिनत फायदे भी हैं, चाहे हम उन फायदों को जानें या ना जानें।

**तनाव-गुस्सा हो जाए गायब:** आप बहुत तनाव या गुस्से में हों और किसी वजह से आप में हल्की सी मुस्कुराहट तैर जाए, तो समझिए कि आपका 50 फीसदी तनाव तो मुस्कुराहट के तैरने के साथ ही गायब हो जाएगा। दरअसल, एक छोटी से छोटी मुस्कुराहट भी हमारे न्यूरोपेप्टाइड्स के स्राव सक्रिय कर देती है और इससे तुरंत डोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर का तंत्र भी झनझना जाता है, जिस कारण ना सिर्फ तुरंत हमारा मूड बेहतर होता है बल्कि हम कहीं ज्यादा चैतन्य और सक्रिय हो जाते हैं, जिससे हमारा व्यवहार ज्यादा सकारात्मक और आत्मीय हो जाता है। मुस्कुराहट सिर्फ हमारा तनाव ही कम नहीं करती बल्कि हमारे शरीर का रक्तसंचार भी बेहतर करती है।



क्योंकि इससे हमारे शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है। अगर हमारी मुस्कुराहट स्वाभाविक या प्राकृतिक नहीं है बल्कि कोशिशन है, तो इसके भी हमें फायदे मिलते हैं। विज्ञान साबित कर चुका है कि मुस्कराने से हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है। इससे हमारे काम करने का ढंग प्रभावी हो जाता है। मुस्कुराहट हमारे शरीर में किसी भी किस्म के दर्द को कम या खत्म करती है, क्योंकि मुस्कुराने से हमारा शरीर एंडोर्फिन जैसे प्राकृतिक दर्द निवारक रिलीज करता है। हम यह भी ना भूलें कि मनोवैज्ञानिक ही नहीं ब्यूटी एक्सपर्ट भी इस बात को तथ्यात्मक रूप से मान चुके हैं कि मुस्कुराने से हम खूबसूरत दिखते हैं। मुस्कुराने से कुरूप से कुरूप व्यक्ति भी खूबसूरत नजर आता है।

**मूड बन जाए बेहतर:** समझने वाले को इशारा काफी है कि अगर स्वस्थ रहना चाहते हैं, जीवन में सकारात्मक रहना चाहते हैं तो जितना हो सके मुस्कुराहट का दामन थामे रहें। क्योंकि मुस्कुराहट हमारे मूड और स्वास्थ्य को हमेशा बेहतर बनाती है। यह किसी एक मनोवैज्ञानिक या शरीर वैज्ञानिक का दावा नहीं है बल्कि लाखों वैज्ञानिकों की लंबे समय तक की गई समीक्षाओं का निष्कर्ष है। सच पूछा जाए तो मुस्कुराहट किसी शख्स की सबसे बड़ी ताकत होती है।



**दूसरों को मिलती है खुशी:** मुस्कुराहट सिर्फ खुद को ही अनगिनत फायदे नहीं देती बल्कि यह दूसरों को भी मालामाल करती है। मुस्कुराने से सिर्फ आपका ही दिन नहीं बनता बल्कि यह दूसरों का भी दिन बना सकती है। निश्चित रूप से मुस्कुराहट एक ऐसी अनैच्छिक प्रतिक्रिया है, जो हमें खुशी देती है। अगर हम जान-बूझकर या कहें किसी नाटक के तहत भी मुस्कुराते हैं, तो उस मुस्कुराहट के भी नकारात्मक नतीजे नहीं निकलते बल्कि उससे भी फायदा ही होता है। मुस्कुराहट एक ऐसा संक्रामक प्रभाव है कि अगर हमारे इर्द-गिर्द कोई मुस्कुराता है, तो उसका भी हम सबको फायदा मिलता है यानी मुस्कुराने वाला और जिसके लिए मुस्कुराया जाए, सिर्फ उसे ही नहीं, अगर हम मुस्कुराने वालों के इर्द-गिर्द भी मौजूद हों, तो हमें भी उस मौजूदगी का लाभ होता है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मुस्कुराना हम सभी की रोजमर्रा की जिंदगी में कितना फायदेमंद है।

**जीते हैं लंबी जिंदगी:** मुस्कुराहट के अनगिनत फायदे हैं, चाहे इसे जिस तरीके से विश्लेषित किया जाए। चाहे जैविक आधार पर देखा जाए, चाहे सामाजिक आधार पर समझा जाए और चाहे करियर या कारोबार में सफलता के तौर पर व्यक्त किया जाए। अगर हम जैविक रूप में देखें तो पाते हैं कि जिन लोगों को बात-बात पर मुस्कुराने और ज्यादातर मौकों पर खुश रहने की आदत होती है, वे ऐसे किसी भी व्यक्ति से ज्यादा जीते हैं, गुस्सा जिनकी नाक पर बैठा होता है और जो जिंदगी में ज्यादातर समय दुखी रहते हैं, छोटी सी बात पर परेशान हो जाते हैं, डल हो जाते हैं। ऐसे लोगों के मुकाबले जिंदगी को मुस्कुराकर गुजारने वाले चुनौतियों का मुस्कुराकर मुकाबला करने वाले लोग कहीं ज्यादा जीते हैं और इसका बहुत साधारण सा कारण है। जब हम मुस्कुराते हैं या हमारे सामने मौजूद कोई शख्स मुस्कुराता है तो उसकी मुस्कुराहट से या हमारी अपनी मुस्कुराहट से हमारा मूड बदल जाता है और हम लंबे समय तक सकारात्मक रहते हैं।

**निखरती है सोशल इमेज:** खुश होना, सकारात्मक रहना, स्वस्थ जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसलिए मुस्कुराने वाले लोग लंबी उम्र और स्वस्थ जीवन पाते हैं। अगर हम दिन में कम से कम एक बार मुस्कुरा लें तो हमारे दिन भर का काफी हद तक तनाव खत्म हो जाता है। चेहरे की भाव भंगिमाएं, खूबसूरत और सकारात्मक हो जाती हैं, जिस कारण हम जिससे मिलते हैं, उसे तो अच्छा लगता ही है, हमें भी अच्छा लगता है, क्योंकि हम जिससे मिलते हैं, वह व्यक्ति हमसे अच्छा व्यवहार करता है। दिन भर में एक या दो बार भी अगर हम दिल से मुस्कुरा लें, तो हमारी सारी थकान खत्म हो जाती है। हम अभिभूत से दिखने लगते हैं। इससे हमारी सोशल इमेज निखरती है। लब्बोलुआब यह कि मुस्कुराना हमारी हमारी सफलता, हमारी खुशी का सबसे बड़ा सबूत होती है। *

### मुस्कुराहट के प्रकार

**वैसे मुस्कुराहटें** तीन तरह की होती हैं। पहली तरह कि मुस्कुराहट एक ऐसी सौम्य मुस्कुराहट होती है, जो स्वीकृति, खुशी, संतोष और अनगिनत दूसरे सकारात्मक भावों को व्यक्त करती है। दूसरे किस्म की मुस्कुराहट वह होती है, जिससे हमें बल मिलता है, भरोसा मिलता है, अपनापन महसूस होता है, करुणा और सामाजिक जुड़ाव की उम्मीद बंधती है। लेकिन एक वर्चस्व की मुस्कान भी होती है या इसे चाहें तो हम प्रभुत्व की मुस्कुराहट भी कह सकते हैं। भगवान कृष्ण जब दुर्योधन की बड़ी-बड़ी डींगों पर हल्के से मुस्कुरा देते हैं, तो वह मुस्कुराहट दुर्योधन के सारे दावों पर पानी फेरना होता है। यह प्रभुत्व की मुस्कुराहट है। इस मुस्कुराहट से हम दूसरे को खारिज करते हैं, अपनी श्रेष्ठता दर्ज करते हैं और कभी-कभी ऐसी मुस्कुराहट से हम अपने अंदर की घृणा को भी व्यक्त करते हैं।



## युवा पीढ़ी समझती है
# वैवाहिक बंधन की महत्ता

विवाह का बंधन, ऐसा जुड़ाव है, जो दो इंसानों, परिवारों को ही नहीं जोड़ता, सामाजिक संस्कारों को भी आगे बढ़ाता है। आज की युवा पीढ़ी इस बंधन की महत्ता को अच्छी तरह समझती है। इस जुड़ाव को प्रगाढ़ बनाने में करवा चौथ जैसे पर्व बड़ी भूमिका निभाते हैं।

करवा चौथ विशेष

रिलेशनशिप
डॉ. मोनिका शर्मा

एक स्त्री-पुरुष के मन-जीवन का गठजोड़ शादी का रिश्ता, समाज की बुनियाद को मजबूती देता है। भविष्य की पीढ़ियों का आधार और पुरानी पीढ़ी को थामे रखने वाला सहारा बनता है। हमारे देश में विवाह संस्कार को पूरे समाज की ही बुनियाद माना जाता है। यही कारण है कि डिजिटल जुड़ाव से लेकर दुनियावी बदलाव तक, शादी से जुड़े बहुत से रंगों को नहीं बदल सके हैं। अच्छी बात यह है कि बहुत से युवा आज भी परंपरागत रीति-रिवाज से ना केवल शादी करने में बल्कि उसे निभाने में भी विश्वास रखते हैं। करवा चौथ जैसे पर्व, पति-पत्नी के मनोभावों के जुड़े रहने की भावना को और प्रगाढ़ करते हैं।

**बरकरार है जिम्मेदारी का भाव:** दुनिया के हर समाज में युवा पीढ़ी सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों की वाहक होती है। ट्रेडिशनल रंग-ढंग लिए इन वैल्यूज को उनकी शादी-शुदा जिंदगी अगली पीढ़ी तक लेकर जाती है। दो इंसानों का आपसी स्नेह, संस्कारों की धरोहर भी सहेजता है। सुखद है कि युवा पीढ़ी अब परिवार की महत्ता समझ रही है। कमोबेश हर मोर्चे पर लाइफस्टाइल से जुड़े बदलावों को जीने वाली नई पीढ़ी में पारिवारिक जीवन की अहमियत समझने का भाव भी साफ दिखता है। हमारी परंपरागत और सांस्कृतिक जीवनशैली से जुड़े भाव-चाव को संवारते-संभालते युवा, परिवार तंत्र को बनाए रखने से जुड़े विश्वास को बल देते हैं। दुनिया के हर हिस्से में ही शादी-शुदा जीवन में आ रहे अलगाव और बिखराव से बचने के लिए जज्बाती बंधनों को बनाए रखने की सोच दुनिया भर में सराही जाती है। प्रोफेशनल, पर्सनल, रिश्ते-नातों और मनोभावों से जुड़ी हर जद्दोजहद के बीच भी यंग जनरेशन का विवाह के संबंध में भरोसा बने रहना, पूरे समाज के लिए सुखद है। कुछ समय पहले सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी से जुड़े पब्लिक फाउंडेशन-ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी सर्वेक्षण में सामाजिक-आर्थिक मुद्दों की एक श्रंखला को कवर करने वाली स्टडीज में सामने आया था कि हमारे यहां बड़ी संख्या में युवा परंपरागत ढंग से वैवाहिक बंधन में बंध रहे हैं। शादी डॉट कॉम द्वारा करवाया गया एक अध्ययन भी बताता है कि भारत में शादी को इमोशनल और फाइनेंशियल स्टेबिलिटी से जोड़कर देखे जाने की सोच है। जीवन भर के साथ में ठहराव और लगाव के मायने समझने वाले युवा आज भी परिवार और जीवनसाथी के प्रति जिम्मेदारी का भाव रखते हैं। यही सोच शादी के बंधन में बिखराव नहीं आने देती है।

**साथ बने रहने की सोच:** हमारे देश में आज भी डाइवोर्स का प्रतिशत बहुत कम है। भारत में तलाक की दर अब भी दुनिया की तुलना में केवल 1 प्रतिशत है। आज भी परिजन हों या खुद यंग कपल्स, छोटी-मोटी उलझनों को रिश्ता टूटने का कारण नहीं बनने देते। साथ रहते-जीते हुए सब कुछ सहज और मनचाहा नहीं हो सकता, यंग जनरेशन की ऐसी समझ वाकई सुखद है। दुनिया के हर हिस्से में बढ़ रहे डाइवोर्स केसेस के बीच भारत में बड़ी संख्या में युवक और युवतियां वैवाहिक संबंधों को लेकर बहुत सकारात्मक सोच रखते हैं। यह सोच उनके घर-परिवार से जुड़े रहने की सोच का ही एक पहलू है। फैमिली से जुड़े रहने से ना केवल समय के साथ बढ़ती उलझनों को सुलझाने में पैरेंट्स की सलाह-समझाइश मिलती है बल्कि शादी-शुदा जिंदगी में सम्मानजनक व्यवहार को भी बल मिलता है। इससे पारिवारिक माहौल में बहुत पॉजिटिव बदलाव आ रहे हैं। एक ओर लव मैरिज से जुड़े बच्चों के फैसले अभिभावक खुशी-खुशी स्वीकार करने लगे हैं तो दूसरी ओर बहुत से बच्चे भी लाइफ पार्टनर को लेकर पैरेंट्स के चुनाव को अहमियत देते हैं। यह शेयरिंग-केयरिंग का पहलू पूरे फैमिली सिस्टम को थामने वाला है।



**जीवन संवारने वाला भरोसा:** कुछ समय पहले स्टैटिस्टिक्स ब्रेन रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा किए गए एक अध्ययन में सामने आया था कि अरेंज मैरिज में डाइवोर्स की दर सिर्फ 6 प्रतिशत है। इसी आंकड़े के रेफरेंस देते हुए भारत के 60 प्रतिशत युवाओं ने खुद को अरेंज मैरिज के पक्ष में बताया। सुखद यह है कि ट्रेडिशनल लाइफस्टाइल से जुड़ी यह सोच युवाओं को आज के दौर में मन और शरीर से जुड़ी बहुत सी परेशानियों से भी बचाने वाली है। सार्थक बदलाव के साथ इस भाव और विश्वास की बुनियाद को पक्का करने वाले करवा चौथ जैसे पर्व भी मन के मेल को और बढ़ाने वाले ही हैं। अपने परिवार और साथी की कुशल कामना से जुड़े ऐसे त्योहार, थोड़ा ठहर कर यह सोचने का परिवेश बनाते हैं कि हमारे समाज में शादी सिर्फ दो लोगों का नहीं, दो परिवारों का गठजोड़ है। इससे आपसी भावनात्मक संबंधों में प्रगाढ़ता आती है, समय के साथ बढ़ती जाती है। *

दोहे
केदार शर्मा 'निरीह'

## प्रियतम का यूं साथ हो...



धरती पर रस बरसता, कर तम का अवसान।
मन तम को हर लीजिए, हर करके अज्ञान।।
जल बिच खिलती कुमुदनी, चढ़ती ज्यों परवान।
प्रियतम का यूं साथ हो, मांग रही वरदान।।
धरती की कर परिक्रमा, करा नेह का भान।
मेरे प्रियतम संग मैं, करती हूं गुणगान।।
भावों की जलधार से, अर्घ्य का कर दान।
किरण आपकी उतर कर, हरे मनस अज्ञान।।
जीवन झरने सा बहे, प्रियतम के संग-साथ।
छाया हो या धूप हो, रहे हाथ में हाथ।।
सारस संगी सारसी, जैसे आठों याम।
हरिन संग में हरिप्रिया, रमा संग ज्यों राम।।
गिरिजा का ज्यों संग है, गिरिजापति के साथ।
ऐसे साजन साथ दें, सुनिए तारक नाथ।।
युगों युगों से दे रहे, धरती को अवदान।
विनती तारक नाथ से, दें सुहाग सम्मान।।

लघुकथाएं

## वचन

प्रवीण को वह करवा चौथ आज भी याद है। जब पत्नी अस्पताल में भर्ती थी। उसके पैर में फ्रेक्चर हो गया था। वह शाम को अपने बिस्तर पर उदास लेटी हुई थी। प्रवीण ने कहा, 'तुम्हारा ऑपरेशन सफल हो गया है फिर क्यों चेहरा लटका रखा है? सुख-दुख तो जीवन में आते-जाते रहते हैं। इसी को ही तो जीवन कहते हैं।'

पत्नी दुखी मन से बोली, 'मुझे अपनी चिंता नहीं है।'

'तो किसकी चिंता है?' प्रवीण ने पूछा।

पत्नी की आंखें नम हो आईं, बोली, 'कल करवा चौथ है और मैं आपकी लंबी उम्र के लिए उपवास भी नहीं रख सकूंगी। बस यही चिंता सता रही है। ईश्वर ने मेरे साथ कितना बुरा किया है।' 'अरे ईश्वर को क्यों कोसती हो...तुम्हें याद है, जब अपनी शादी के फेरे हुए थे तो पंडित जी ने एक-दूसरे का साथ देने के लिए सात वचन करवाए थे। उस समय मैंने भी कहा था, मैं हमेशा तुम्हारे सुख-दुख में सदा साथ रहूंगा। आज शायद वो वचन निभाने का समय आ गया है।' प्रवीण ने पत्नी की हिम्मत बंधाई। पत्नी चौंकी, 'वचन...! करवा चौथ पर कौन-सा वचन निभाओगे?'

'जब तुम मेरी दीर्घायु की कामना करने के लिए पिछले तीस बरसों से करवा चौथ का व्रत करती आई हो... तो कल मैं...।' प्रवीण कुछ और कहता, इससे पहले पत्नी बीच में ही बोली, 'तो कल मैं का क्या मतलब...?' 'कल मैं तुम्हारी दीर्घायु और अच्छे स्वास्थ्य की मन्नत के साथ करवा चौथ का व्रत रखूंगा और तुम्हारे दर्शन करके ही अन्न-जल ग्रहण करूंगा।' प्रवीण पत्नी का हाथ अपने हाथों में लेकर बोला।

यह सुनकर पत्नी के आंखों में आंसू छलक आए। *

– गोविंद भारद्वाज



## सम्मान

आज आकाश जी खुशी से फूले नहीं समा रहे थे, उनके बेटे अमित ने आईआईटी प्रवेश परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान जो प्राप्त किया था।

आकाश जी बैंक में वरिष्ठ प्रबंधक हैं। उनकी पत्नी प्रभा घरेलू महिला हैं। वह सुबह से ही घर सजाने में व्यस्त थीं। आज मीडिया वाले अमित का इंटरव्यू लेने आने वाले थे। 'मां आप भी तैयार हो जाएं, मीडिया वाले आपसे भी बात करेंगे।' अमित अपनी मां के गले में प्यार से हाथ डालते हुए बोला।

'इन्हें तैयार-वैयार होने की कोई जरूरत नहीं है।' एकाएक आकाश जी बीच में ही बोल पड़े, फिर वह प्रभा की ओर मुखातिब हुए, 'और हां, तुम उन लोगों के सामने आना भी मत। तुम्हें पढ़ाई-लिखाई की बात कहां समझ में आती है। मीडिया वालों के सामने कोई ऊंटपटांग जवाब दे दिया तो भद्द पिट जाएगी।'




आकाश जी की बात सुनकर प्रभा का सारा उत्साह ठंडा पड़ गया। पहली बार उन्हें अपने पति की बात शूल की तरह चुभी थी। ऐसा भी नहीं था कि अनपढ़ होने का तंज उन्होंने पहली बार सहा हो, या इससे पहले कभी उन्हें बच्चों की परवरिश को लेकर पति ने कोई टिप्पणी ना की हो।

तभी दरवाजे की घंटी बजी। मीडिया वाले आ गए थे। आकाश जी आदर के साथ उन लोगों को अंदर लाए। अमित के इंटरव्यू का सिलसिला शुरू हुआ। कई सवाल पूछे जाने के बाद अचानक एक रिपोर्टर की नजर पर्दे की आड़ में से झांक रही किसी महिला पर पड़ी। उसने बरबस अमित से पूछ लिया, 'वे शायद आपकी माता जी हैं, उन्हें तो बुलाइए जरा।'

'अरे, नहीं-नहीं, वो तो हमारी रिश्तेदार हैं। अमित की मां तो मंदिर गई हुई हैं।' आकाश जी ने साफ-साफ झूठ बोल दिया। 'नहीं, यह मेरी मां हैं, पापा झूठ बोल रहे हैं। दरअसल, मेरी मां कम पढ़ी-लिखी हैं, इसलिए पापा उन्हें कभी किसी से नहीं मिलवाते, लेकिन मेरी मां मेरी प्रेरणा हैं। आज तक मैंने जो भी मुकाम हासिल किया है, वह सिर्फ और सिर्फ अपनी मां की वजह से प्राप्त किया है। अगर मां मेरा साथ ना देतीं तो मैं कब का हार मान चुका होता। जब भी मेरी लगन-मेहनत में कमी होती, मां ही मुझे संभालतीं। मेरी मां के विश्वास ने ही मुझे मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और आज मैं इतनी बड़ी सक्सेस पा सका हूं।' कह कर अमित अपनी मां का हाथ पकड़ कर बैठक में ले आया। उसने मां को अपने पापा के पास वाली कुर्सी पर बैठा दिया।

प्रभा की आंखें खुशी से छलक आई थीं। आज उसके बेटे ने उन्हें बहुत बड़ा सम्मान दिलाया था। *

-शीला श्रीवास्तव

पत्रिका चर्चा / विज्ञान भूषण

## इंद्रप्रस्थ भारती का रामदरश मिश्र विशेषांक

अनेक विधाओं के लेखन में सिद्धहस्त, कई पुरस्कारों से सम्मानित सात-आठ दशकों से निरंतर रचनारत वयोवृद्ध साहित्यकार रामदरश मिश्र का यह जन्मशती वर्ष चल रहा है। इस अवसर पर उन पर केंद्रित इंद्रप्रस्थ भारती पत्रिका का जुलाई-अगस्त अंक, विशेषांक के रूप में प्रकाशित होकर आया है। यह अंक ना केवल पठनीय अपितु संग्रहणीय भी बन पड़ा है क्योंकि इसमें हम ना केवल रामदरश जी की रचनाशीलता के विभिन्न आयामों से परिचित हो सकते हैं, उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को कई लेखकों के नजरिए से समझ भी सकते हैं। पत्रिका के पहले खंड में वरिष्ठ लेखक प्रकाश मनु और ओम निश्चल ने भरपूर भावुकता से मिश्र जी के साथ अपनी स्मृतियों को साझा किया है तो उनकी पुत्री स्मिता मिश्र की अनुभूतियां भी मार्मिक हैं। दूसरे खंड में मिश्रजी के रचना संसार का एक झरोखा खुलता है। इसमें उनकी कुछ कहानियां, कुछ कविताएं, आत्मकथा के अंश, डायरी के अंश और निबंध पढ़ सकते हैं तो तीसरे खंड में प्रेम जनमेजय, पल्लव, नीलम चतुर्वेदी, वेदमित्र शुक्ल और केशव मोहन पांडे समेत एक दर्जन से अधिक लेखकों ने रामदरश जी की बहुविध रचनाशीलता की महत्ता को रेखांकित किया है। *




**पत्रिका:** इंद्रप्रस्थ भारती (जुलाई-अगस्त 2024, रामदरश मिश्र जन्मशती विशेषांक), **संपादक:** संजय कुमार गर्ग, **मूल्य:** 75 रुपए, **प्रकाशक:** हिंदी अकादमी, दिल्ली

तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 20 अक्टूबर 2024

14 जसनि शिविर के 297 आवेदनों में से ...



14 कबाड़ से जुगाड़ स्पर्धा का किया आयोजन...








## खबर संक्षेप



### लेखापाल भर्ती में आरक्षण रोस्टर लागू करने की मांग

**कांकेर।** जिले में संचालित 200 सीटर कन्या आवासीय विद्यालय कांकेर, सरोना, दुर्गूकोंदल एवं कोयलीबेड़ा में कुल 4 विद्यालय के लिए लेखापाल पद की भर्ती के लिए विज्ञापन समग्र शिक्षा कांकेर से 7 अक्टूबर को जारी हुआ है। इन संस्थाओं के लिए पृथक आवेदन मंगाया गया है। सभी चारों पद को अनारक्षित की श्रेणी में रखा गया है, अतः छ.ग अजजा शा सेवक विकास संघ के द्वारा आरक्षण रोस्टर का पालन कराने के लिए कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देने में रामप्रसाद नेताम अध्यक्ष, पेशी राम कुंजाम, डॉ. अरविन्द कोर्राम, शम्भू शोरी, महेश मरकाम आदि उपस्थित रहे।

### स्कार्पियों की ठोकर से दो हुए घायल

**कांकेर।** पखांजुर पुलिस को पीड़ित धीरज बैरागी पिता कालिपद बैरागी ने बताया कि मेरे भाई सिराज बैरागी और साहिल बैरागी दोनों माथुरा बाजार से स्कूटी से घर वापिस आते समय माथुरा बाजार में विपरित दिशा से आ रही स्कोरपियो क्रमांक सीजी 05 पीटी 4384 के चालक हरि बढाई निवासी पीव्ही 72 द्वारा तेज और लापरवाही पर्व चालकर एक्सीडेंट करने से मेरे भाई सिराज के दाहिने पैर के जंग एवं अन्य जगह तथा साहिल बैरागी के कमर, जंगा, ऐडी तथा बाहे पैर का जंगा में चोट आई है। शिकायत पर स्कार्पियों चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

### कार की ठोकर से बाइक चालक की हुई मौत

**कांकेर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर 17 अक्टूबर को सायं 6 बजे हुई सड़क दुर्घटना में मृतक आशीष यादव पिता नकूल यादव निवासी माकड़ी सिंगराय मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 9653 मे सवार होकर खैरखेड़ा से मिस्त्री काम करके अपने दोस्त धमेंद्र नेताम के साथ वापिस घर आ रहा था, तभी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीआर 8855 कार ब्रेजा के चालक द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक उतावलेपन से चलाकर मोटर सायकल को ठोकर मार दिया, जिसमें मोटर सायकल चालक आशीष की मृत्यु हो गई थी। मर्ग के विवेचना के आधार पर आरोपी ब्रेजा कार चालक के खिलाफ धारा 281,125(ए),106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### स्वाध्यायी छात्रों के लिए अधिसूचना जारी

**दुर्गुकोंदल।** कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गुकोंदल के प्राचार्य डीएल बढाई ने बताया है कि 2024 राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत शैक्षाणिक सत्र 2024-25 के स्वाध्यायी विद्यार्थियों के रूप में स्नातक प्रोग्राम के प्रथम सेमेस्टर में स्वाध्यायी विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन सह नामांकन विश्वविद्यालय के वेबसाइट पंजीयन लिंक में 07 से 26 अक्टूबर तक करने के पश्चात हार्ड कॉपी महाविद्यालय में निम्नलिखित आवश्यक दस्तावेज के साथ शुल्क 500 एवं उत्तर पुस्तिका शुल्क 150 जमा कर महाविद्यालय द्वारा एडमिटेड और जीई एवं वीएसी का आवंटन को अपडेट करने के पश्चात नामांकन आवेदन की हार्ड कॉपी समस्त दस्तावेज सहित महाविद्यालय में 28 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से जमा करेंगे।


# गर्मी व उमस के चलते फसलों में तनाछेदक और भूरा माहो का प्रकोप

## दवाई का छिड़काव तो कर रहे हैं लेकिन बीमारी पर रोकथाम नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अंचल में बीते दिनों के मौसम में गर्मी एवं उमस के चलते फसलों में तनाछेदक और भूरा माहो का प्रकोप बढ़ गया है, जो फसलों को नुकसान पहुंचा रही है। इसके चलते किसानों की मुसीबतें बढ़ गई है। अधिकांश जगहों में धान की फसल तैयार हो चुकी है। ऐसे में शीत ब्लास्ट, तनाछेदक, भूरा बीमारी आ जाने से धान की फसल सूखकर नष्ट होने लगी है। किसान बीमारी से बचने के लिए कीटनाशक दवाई का छिड़काव तो कर रहे हैं, लेकिन बीमारी से रोकथाम नहीं हो पा रही है। दो दिन की बूंदाबांदी से भी कोई प्रभाव पड़ने वाला नहीं है।

कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि किसानों को जागरूक करने के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई है, जो बीमारी की रोकथाम के बारे में किसानों को चौपाल लगाकर बता रहे हैं, लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि विभाग के पास जिले में अभी तक कितने प्रतिशत फसलों में तनाछेदक, भूरा माहो व ब्लास्ट से धान की फसल प्रभावित या खराब हुई है, इसका आंकड़ा हीं नहीं जुटा पाया हैं। किसानों ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस बार भूरा माहो का प्रकोप ज्यादा है। लक्षण दिखने पर कीटनाशक दवा का छिड़काव किया था, लेकिन थोड़े ही दिन बाद बीमारी फिर से फैल गई है। अधिकारियों का कहना है कि इन दिनों धान की फसल में भूरा माहों बीमारी बढ़ गई है, जो न केवल पौधों की ग्रोथ को कम कर देता है, बल्कि इससे फसल पूरी तरह से नष्ट हो जाती है। इसके रोकथाम के लिए गांवों में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई है।



### दवाई का किया जा रहा छिड़काव

किसानों ने बताया कि खेतों में 4 बार दवाई का छिड़काव कर चुके है, लेकिन कीटनाशक का प्रभाव केवल ऊपरी सतह तक रहता है, जबकि भूरा माहो, ब्लास्ट, तनाछेदक के कीट तने के अंदर से बालियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ऐसे में धान का उत्पादन कम होगा। बीमारी इतनी तेजी से फैल रही है, धान की बाली के साथ ही पौधा पूरी तरह से सूख रहा है।

**सियासत :** देशभर में भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरुआत 2 सितम्बर से हुई थी

# विक्रम को सक्रिय सदस्य बनाकर भाजपा ने सदस्यता अभियान की शुरुआत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा- अभी तक 75000 बन चुके हैं सदस्य
- अंदरूनी इलाके जहां नेटवर्क नहीं है, वहां पर्ची काटकर सदस्य बनाया गया : पूर्व प्रदेशाध्यक्ष

पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व मंत्री व वर्तमान अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी को कमल सदन में 20 अक्टूबर को जिले का पहला सक्रिय सदस्य बनाकर सक्रिय सदस्य अभियान की शुरूआत किया गया। उन्होने कहा कि भाजपा देश की अब सबसे बड़ी पार्टी बन गई है और देशभर में भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरुआत 2 सितम्बर 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भाजपा का सदस्य बनाकर हुई थी। भाजपा के सदस्यों की संख्या जितनी है, इतनी संख्या किसी भी पार्टी के पास नहीं है।अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि भाजपा का सदस्य बनाने का अभियान 2 सितंबर से प्रारंभ हुआ। आनलाईन सदस्य बनाने के साथ-साथ अंदरूनी ईलाकों पर जहाँ पर नेटवर्क नहीं है, वहाँ पर पर्ची काटकर सदस्य बनाया गया और अंतागढ़ विधानसभा में नेटवर्क की सबसे ज्यादा दिक्कत होने के चलते इस विधानसभा में आफलाईन सदस्य बड़ी संख्या में बनाए गए है और अभी भी सदस्य बनाने का अभियान जारी है। देवतातुल्य सदस्य भाजपा के सदस्य बनने के लिए आतुर है और मैं स्वंय अंदरूनी ईलाकों पर पहुँचकर सदस्य बनाया हूँ। भाजपा का सदस्य ▶▶| शेष पेज 12 पर








### जिले में 75000 के करीब सदस्य बन चुके

भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया ने बताया कि जिले के तीनों विधानसभाओ में अब तक 75000 के करीब भाजपा सदस्य बन चुके है। भाजपा का सदस्यता अभियान अपनी पूरी गति के साथ चल रहा है और बहुत जल्द प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिये गए लक्ष्य को पूरा कर लेंगे। उन्होने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता बूथों में आम जन मानस तक पहुंचकर भाजपा की रीति नीति से अवगत करा उन्हें भाजपा की सदस्यता लेने के लिए प्रेरित कर रहे है। भाजपा के सदस्यता अभियान को लोगो का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है और लोग स्वयं से भाजपा की सदस्यता लेने के लिए आगे आ रहे है।




### कमल सदन में यह भी बने सक्रिय सदस्य

इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत, जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया, भाजपा प्रदेश मंत्री महेश जैन, विधायक आशाराम नेताम, पूर्व विधायक सुमित्रा मरकोले, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भरत मटियारा, जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, जिला मंत्री अनूप सिंह राठौर, जिला कोषाध्यक्ष राजा देवनानी, शहर मंडल अध्यक्ष दीपक खटवानी सक्रिय सदस्य बनें।

कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हलधर साहू, टेकेश्वर जैन, मोनिका साहा, सुषमा गंजीर, रत्नेश सिंह, नरोत्तम चौहान, श्यामल मण्डल, यशवंत सुरोजिया, राधेलाल नाग, अरुण कौशिक, सुनीता मण्डल, ईश्वर कावड़े, ईश्वर सिन्हा, रतन हालदार, ज्वाला जैन, अरविंद जैन, प्रकाश निषाद सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अवैध रेत खनन पर फूटा गुस्सा, ली बैठक और ग्रामीणों ने लगाया रोक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

विकासखंड चारामा में महानदी के तट पर बसे गाँव में रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन का खेल शुरू हो गया है और रेत माफिया बिना रॉयल्टी के ट्रैक्टरों के माध्यम से लगातार खदानों से रेत निकाल रहे हैं और ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं। अवैध उत्खनन व परिवहन से परेशान ग्रामीण अब बैठक करके खनन पर रोक लगाने का फरमान जारी किया है, इस फरमान का कितना प्रभाव पड़ेगा, यह आने वाला समय ही बताएगा।

चारामा विकासखंड के अंतर्गत महानदियों में अवैध रेत खनन तेजी से हो रहा है, जबकि किसी भी खदान के पास अभी रॉयल्टी नहीं है। रेत माफिया बिना रॉयल्टी के ट्रैक्टरों के माध्यम से लगातार चारामा और भिरोद जैसे क्षेत्रों में अवैध गतिविधियाँ बढ़ती जा रही है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। ग्रामों में रेत खनन को लेकर अब दो गुट बन चुके हैं। एक गुट जो अवैध रूप से खनन कर रहा है, इस धंधे से पैसा कमा रहा है, वहीं दूसरा गुट जो इस अवैध खनन को बंद कराने के प्रयास में जुटा हुआ है। हाल ही में हुई ग्राम बैठक में ग्रामीणों ने एकजुट होकर अवैध रेत खनन पर रोक लगाने का फैसला किया। बैठक में चर्चा की गई थी कि ग्रामीणों को घर निर्माण के लिए उचित दाम पर रेत उपलब्ध कराई जाएगी, लेकिन अब गाँव में भी रेत ऊंचे दामों पर बेची जा रही है। अवैध रेत के उत्खनन व परिवहन में सत्ता से जुड़े संगठन के पदाधिकारियों के संलिप्त होने के कारण अधिकारी भी कार्यवाही करने के लिए कतराते रहते है। ग्रामीणों के द्वारा थाना व जिम्मेदार अधिकारियों को खबर करते है, परंतु अधिकारी अपनी कुर्सी बचाने के चक्कर में कोई कार्यवाही नहीं करते है, यहाँ तक ज्यादा काँल आने पर मोबाईल का स्विच आफ कर देते है। महानदी के किनारे के ▶▶| शेष पेज 12 पर

## नपं चुनाव: राजनीतिक दलों को बैठक में दी जानकारी

**चाराम।** आगामी नगर पंचायत चुनावों को लेकर शनिवार को चारामा में नगर पंचायत के कार्यालय में एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ-साथ स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी चुनावों की तैयारी और मतदाता सूची के प्रकाशन से जुड़ी प्रक्रियाओं पर चर्चा करना था। सहायक रजिस्ट्रेशन अधिकारी ने बताया कि 16 अक्टूबर को मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है और 23 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे तक मतदाता सूची में दावे और आपत्तियां दर्ज की जा सकेंगी। बैठक का उद्देश्य नगर पंचायत चुनाव की पारदर्शिता और निष्पक्षता को सुनिश्चित करना था, ताकि आने वाले समय में मतदाताओं को सुचारू रूप से मतदान करने का अवसर मिले। बैठक में राजनीतिक दलों को निर्वाचन से संबंधित ▶▶| शेष पेज 12 पर



## बीएसएफ ने खो-खो स्पर्धा का किया आयोजन, युवाओं में दिखा उत्साह

- 178 बटालियन दुर्गुकोंदल ने जीत हासिल की

**दुर्गुकोंदल।** 178 वीं वाहिनी बीएसएफ ने 19 अक्टूबर को अंतर-बटालियन खो-खो मैच का आयोजन स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम विद्यालय में करवाया गया। इस प्रतियोगिता में 50 प्रतिशत स्थानीय युवा खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया जो कि एक अनोखी पहल थी, जिससे बीएसएफ और स्थानीय समुदाय के बीच आपसी संबंध और मजबूत हुए। 178 वीं वाहिनी बीएसएफ के द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में 178 वीं वाहिनी, 94 वीं वाहिनी और 47 वीं वाहिनी बीएसएफ की टीमों ने हिस्सा लिया। लीग मैचों के रोमांचक दौर के बाद फाइनल मुकाबला 178 बटालियन बीएसएफ दुर्गुकोंदल और 47 बटालियन बीएसएफ पखांजूर के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया, लेकिन अंततः 178 बटालियन बीएसएफ दुर्गुकोंदल ने कड़े मुकाबले में जीत हासिल किया और विजेता का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर ▶▶| शेष पेज 12 पर





**सुहागिनें करेंगी निर्जला व्रत और संध्या चन्द्रमा को अर्घ्य देकर करेंगी व्रत का पारणा**

# करवा चौथ पर गजकेसरी योग, पूजा का मिलेगा दोगुना लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कार्तिक माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन करवा चौथ का व्रत रखा जाता है। सुहागिन महिलाएं यह व्रत पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए रखती हैं। इस साल यह व्रत आज 20 अक्टूबर रविवार को है। इस बार करवाचौथ पर गज केसरी योग पड़ रहा है, ऐसे में पूजन का दोगुना लाभ मिलेगा। इस बार उच्च राशि का चंद्रमा होने से अक्षत सुहाग के शुभ मांगलिक योग हैं वहीं चंद्रोदय रविवार रात 07 बजकर 56 मिनट से होगा।

हिन्दू पंचांग के अनुसार, करवा चौथ पर शिव परिवार की पूजा का विधान है। इस दिन सुहागिन महिलाएं प्रातः काल से ही निर्जला व्रत रखकर संध्या के समय चन्द्रमा को अर्घ्य देती हैं, इसके बाद अपने पति का दर्शन कर जल ग्रहण करके व्रत का परायण करती हैं। इस दिन स्त्रियां एकत्रित होकर कर्क चतुर्थी व्रत की कथा का पाठ और श्रवण करती हैं। इस दिन स्त्रियों को मम सुख सौभाग्य पुत्र पौत्रादि सुस्थिर श्री प्राप्तये करक चतुर्थी व्रतमहं करिष्ये का संकल्प लेकर करवा चौथ व्रत शुरू करना चाहिए। करवा चौथ व्रत पर दिनभर चंद्रमा अपनी उच्च राशि वृष में रहेंगे और व्रत के दिन चन्द्रमा और बृहस्पति दोनों एक ही राशि वृष में आ जाएंगे, ऐसा होने से गजकेसरी योग बनेगा, जो अपने आप में एक बहुत शुभाशुभ परिणाम देने वाला योग है।




### करवा चौथ पर क्यों नहीं भद्रा का साया

ज्योतिषाचार्य बताते हैं कि इस बार करवा चौथ पर लोगों में भद्रा को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है, यदि आप भी भ्रमित हैं तो इसे भूल जाएं, क्योंकि इस बार व्रत के दौरान कोई भद्रा का साया नहीं रहेगा। इस बार करवा चौथ पर भद्रा काल 19 अक्टूबर को रात 8 बजकर 14 बजे से शुरू होकर सुबह 6.46 बजे तक रहेगा। यानी भद्रा का साया केवल तृतीया तिथि में रहेगा, इसलिए इसका करवाचौथ पर कोई प्रभाव नहीं है।

### करवा चौथ 2024 व्रत तिथि और शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार, इस साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 20 अक्टूबर दिन रविवार को सुबह 6 बजकर46 मिनट से शुरू होगी और यह तिथि 21 अक्टूबर को सुबह 4 बजकर 16 मिनट तक रहेगी। ऐसे में उदया तिथि के मुताबिक, करवा चौथ का व्रत 20 अक्टूबर 2024 दिन रविवार को रखा जाएगा। करवा चौथ के दिन पूजा का शुभ मुहूर्त 20 अक्टूबर की शाम 5 बजकर46 मिनट से लेकर शाम 7 बजकर 10 मिनट तक रहेगा। इस समय पूजा करना बहुत ही शुभ रहेगा।

## भोजनालय में शराब पीते ग्रामीण पकड़ाया

**कांकेर।** नरहरपुर पुलिस को पेट्रोलिग के दौरान 18 अक्टूबर को जानकारी मिली कि नरहरपुर सर्वजनिक निधि भोजनालय में कुछ व्यक्ति अंग्रेजी शराब पी रहे है। जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत नरहरपुर पुलिस ने घेराबंदी करते समय पुलिस को देखकर शराब पीने वाले कुछ व्यक्ति भाग गए। एक व्यक्ति दिनेश जामुनकार पिता स्व.संतकुमार जामुनकार पकड़ाया। आरोपी का यह कृत्य धारा 36 (च) आबकारी एक्ट का पाए जाने से गिरफ्तार किया गया। आरोपी द्वारा सक्षम जमानतदार पेश करने पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया।

**पाठक सूचना**

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

# जिले के 13771 विद्यार्थियों ने दी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन 19 अक्टूबर को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में आयोजित इस परीक्षा का उद्देश्य छात्रें में भारतीय संस्कृति के प्रति प्रेम एवं अनुराग जगाना, स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना, ब्यसन मुक्त समाज की स्थापना, और भारतीय संस्कृति के नैतिक मूल्यों से छात्रें को जोड़ना था। कोंडागांव जिले के 13771 छात्रें ने इस परीक्षा में भाग लिया। जिसमें कक्षा पाँचवीं से लेकर महाविद्यालय स्तर तक के विद्यार्थी सम्मिलित थे। परीक्षा का आयोजन प्रतियोगी परीक्षा के तर्ज पर किया गया। जिसमें उत्तर ओएमआर शीट पर अंकित करने थे। इस परीक्षा से छात्रें को भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद मिलेगी। अभिभावकों ने इस पहल को छात्रें के नैतिक उत्थान और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना है। इस परीक्षा के सफल संचालन में शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों, विद्यालयों के प्राचायोंर्, प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों, और गायत्री परिवार के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। इस प्रकार, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा ने छात्रें को भारतीय मूल्यों और संस्कृति के प्रति जागरूक करते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है।

## गायत्री परिवार का आयोजन देता है संस्कार

### 1006 परीक्षा केंद्रों पर हुआ सफल संचालन

कोंडागांव जिले में इस परीक्षा के सफल आयोजन के लिए 1006 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। यह परीक्षा पिछले 18 वर्षोंर् से अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा देशभर के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लगभग 13 भाषाओं में आयोजित की जा रही है।



### भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता का उद्देश्य

परीक्षा में भाग लेने वाले छात्रें को परीक्षा के पूर्व उनकी कक्षा और स्तर के अनुरूप पुस्तकें प्रदान की जाती हैं, ताकि वे अच्छी तैयारी कर सकें। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रें को ब्लॉक, जिला, राज्य, और राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया जाता है। साथ ही, उन्हें भारत भ्रमण का अवसर भी दिया जाता है। प्रत्येक प्रतिभागी को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है।

## खबर संक्षेप



### कन्या छात्रावास में विधिक साक्षरता का किया आयोजन

कोण्डागांव। उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागॉव व कुदु गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागॉव के निर्देशानुसार सुरेंद्र कुमार भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंधन कार्यालय कोंडागांव के द्वारा पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रवास कोण्डागॉव में बच्चों को विधिक जागरूकता लाने के उद्देश्य से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे उपस्थित छात्रओ को कानून के बारे में बताते हुए बाल विवाह, बाल श्रम, साईबर क्राइम, मोबाईल से होने वाले अपराध, मोटरयान अधिनियम 2019, बाल मजदुर अधिनियम के तहत 6 वर्ष से 14 वर्ष तक बच्चो को किसी भी कारखाने व दुकानो मे मजदुरी करवाना बाल श्रम अधिनियम 1986 के अंतर्गत कानूनी अपराध, लैगिग अपराधो से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 व किसी भी मामले में निःशुल्क अधिवक्ता के संबंध मे जानकारी दी गई। इस अवसर श्रीमती नथली मांडवी आरती पोयम पीएलवी विवेक कश्यप व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### भोपालपटनम डिलिवरी सेंटर में लाखों रुपए का गबन सुपरवायजर गिरफ्तार

बीजापुर। भोपालपटनम डिलीवरी सेंटर में कैश ऑन डिलीवरी की राशि में हेराफेरी का मामला पुलिस ने पंजीबद्ध किया है। आरोपी सुपरवाईजर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। 19 अक्टूबर को राहुल तेलम ई कॉम कंपनी द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि सुपरवाईजर राहुल परतागिरी द्वारा डिलीवरी सेंटर में कैश ऑन डिलीवरी का जमा पैसा



6,55,511 रुपए बैंक में जमा कराने के लिए 17 सितंबर 2024 को निकाला था, जो वापस नही आने से डिलीवरी करने वाले लड़कों से पूछताछ किया गया, कोई पता नही चला। फोन लगाने पर कॉल नही उठाया। राहुल परतागिरी तिमेड़ में मिलने से उसे ऑफिस लाया गया एवं लॉकर को चेक करने पर लॉकर में 1,46,225 रुपए कैश पाया गया। शेष राशि 5,09,286 रुपए सुरेश परतागिरी के द्वारा निजी कार्य के लिये खर्च करना बताया। जिस पर कार्यवाही के लिए ई कॉम कंपनी के प्रबंधक को सूचित किया गया। राहुल परतागिरी के द्वारा ई कॉम कंपनी को रुपए 270000 रुपए वापस लौटाया गया है, शेष राशि 2,39,286 रुपए जमा नही किया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना भोपालपटनम में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के आरोपी सुपरवाईजर राहुल परतागिरी पिता स्व गौरैया परतागिरी निवासी मामड़ीगुड़ा थाना भोपालपटनम के विरूद्ध थाना भोपालपटनम में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय दंतेवाड़ा में पेश किया गया।

### दशहरा के समापन पर छत्र व डोली पर पुष्पवर्षा कर मां दंतेश्वरी को दी विदाई

जगदलपुर। ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व का समापन शनिवार को मां दंतेश्वरी मावली माता की डोली को ससम्मान विदाई के साथ किया गया। इस दौरान दंतेश्वरी मंदिर से लेकर गीदम रोड तक हजारों लोगों ने आतिशबाजी एवं पुष्पवर्षा करने सहित मां दन्तेश्वरी के जयकारे के साथ मावली माता को दंतेवाड़ा के लिए विदाई दी। जगह-जगह खड़े श्रद्धालुओं ने फूलमाला और पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर सांसद एवं बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष महेश कश्यप, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव, बस्तर राजपरिवार के सदस्य एवं माटी पुजारी कमलचंद्र भंजदेव, सुकमा जमींदार परिवार के कुमार जयदेव समेत दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अट्टामी अन्य जनप्रतिनिधियों सहित कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर हरिस एस., पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, निगम आयुक्त हरेश मंडावी और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही बस्तर दशहरा समिति के पदाधिकारी, मांझी-चालकी, मेम्बर-मेम्बरीन तथा बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। शनिवार को 12.30 बजे मां दंतेश्वरी का राजपरिवार और टेंपल कमेटी दोनों की ओर से 16 श्रृंगार कर मां की विदाई दी गई। फुलों से सजे वाहन में मां दंतेश्वरी मंदिर में स्थापित माता मावली की डोली एवं मांई के छत्र की रियासतकालीन परंपरानुसार पूजा एवं अन्य सामग्री के अर्पण के साथ मंदिर के गर्भगृह से बाहर निकालकर मां दंतेश्वरी मंदिर के बाहर सिंहद्वार में बने मंच में रखा गया। माता की आरती एवं पूजा विधान के साथ ही श्रद्धालुओं ने पुष्पांजली अर्पित कर माता मावली की डोली एवं दंतेश्वरी के छत्र को विदाई दी। विदाई से पूर्व सशस्त्र जवानों के द्वारा हर्ष फायर कर सलामी दिए जाने की परंपरा का निर्वहन किया गया।

## अनंतपुर पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान

# पालक-शिक्षक बैठक में सायबर क्राइम नशामुक्ति, यातायात की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

थाना अनंतपुर पुलिस द्वारा शनिवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देशन व अति. पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल के मार्गदर्शन एवं रूपेश कुमार पुलिस अनुविभागीय अधिकारी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी अखिलेश कुमार धीवर द्वारा ग्राम अनंतपुर में शासकीय कन्या उच्च. माध्यमिक विद्यालय अनंतपुर में आयोजित पालक शिक्षक मेगा बैठक पर अलग अलग गांव से आए ग्रामीणों को नशा मुक्ति के तहत शराब या नशा करने से हानि, यातायात संबंधी जानकारी,अभिव्यक्ति ऐप की जानकारी दी गई। जिले में घटित हो रही सड़क दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए, यातायात नियमों का पालन करने तथा मौत के कारणों में हेलमेट व सौटबेल्ट सहित अन्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।



### सायबर अपराध होने पर 1930 में करे काल

थाना प्रभारी अखिलेश धीवर ने बताया कि मोबाइल में किसी अनजान व्यक्ति का फोन नही उठाना, किसी अनजान को नंबर न देना, ऑनलाइन गेम नहीं खेलना, घर से स्कूल आने में किसी प्रकार का कोई दिक्कत हो तो थाना में सूचना देना और वर्तमान में होने वाले सायबर अपराध के बारे में और सायबर अपराध होने पर 1930 में काल कर जानकारी देने बारीकी से जानकारी दिया गया। अभिव्यक्ति एप...कैसे उपयोग करे, सोशल मीडिया के सही उपयोग...फेसबुक,इंस्टाग्राम, वॉट्सएप एवम अन्य एप्लीकेशन के सेफ्टी फिचर्स...और बच्चो के कैरियर गाईडेंस की जानकारी और पैरारीगल वालंटियर सुप्रिया द्वारा विधि से संबंधित जानकारी दिया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस दरमियान ग्राम करंडी गागड़ा, अनंतपुर, घोड़सोड़ा, गुमड़ी, शिवनी, अंगाकोना और आस पास के पालक गण, स्कूल के प्राचार्य दिलीप कुमार कोमरे शिक्षक हृदय प्रयाग, मीराचरण धुर्वे, रीता कावडे, नीतू ठाकुर, लक्ष्मी मांडवी, सुशील शर्मा सुचित्र मंडावी, बिंदु ठाकुर, वेद राम साहू, निरंजन पोयम, विमल, संतोष यादव, पियूष त्रिपाठी और स्कूल के अन्य शिक्षक गण, विक्रम मंडावी किसान संघ अध्यक्ष, सनत यादव मंडल महामंत्री, पुरन सिंह मानिकपुरी अध्यक्ष शाला विकास समिति देवा और थाना के प्रधान आर.रघुनाथ कश्यप, आरक्षक चेतन ,पैरालीगल वालंटियर सुप्रिया शील उपस्थित रहे।

# दीपावली में सुचारू बिजली आपूर्ति के लिए महकमा मरम्मत कार्यों में जुटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

दिवाली पर्व में मद्देनजर कोंडागाँव जिले में बिजली विभाग द्वारा 11 केवी लाइनों के केंद्रों में रख रखाव व मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है। जिसमे उपकेंद्र फरसगाँव फीडर, उपकेंद्र लंजोड़ा फीडर , उपकेंद्र बोरगांव फीडर में बिजली विभाग के कर्मचारी मरररम्मत कार्य मे जुट गए है ताकि त्योहार सीजन पर बिजली बाधित जैसी कोई समस्या नहीं हो और क्षेत्रवासियों को पर्याप्त बिजली मिल सके। बिजली विभाग के सहायक अभियंता यशवंत तुमरेकी ने बताया कि उपकेंद्र फरसगाँव फीडर में 14 अक्टूबर से मरम्मत कार्य शुरू किया गया है जो आगामी 22 अक्टूबर तक चलेगा। जिसमे अलग अलग गाँवो में मरम्मत कार्य किया जा रहा है उस दिन उन गांवों में सुबह 09 बजे से शाम 05 बजे तक बिजली की आपूर्ति बंद रहती है । 19 अक्टूबर शनिवार को जूनियर इंजीनियर कौशल साहू के नेतृत्व में फरसगांव फीडर के फरसगांव टाउन, पतोड़ा और पासंगी में आने वालों गाँवो में मरम्मत कार्य किया गया। बिजली खम्बे के पास तारो से टकरा रहे पेड़ की डंगलियो को काटा गया ताकि वह तारो से न टकराये । रविवार को भी फरसगाँव टाउन, पतोड़ा और पासंगी के गाँवो में रख रखाव और मरम्मत कार्य किया जाएगा। रविवार को भी इन जगहों पर बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी। 21 और 22 अक्टूबर को सोनाबेडा फीडर अन्तर्गत ग्राम सोनाबेडा, बानगाँव, पासंगी, कोटवेल, पुसापाल में आने वालों गाँवो में मरम्मत कार्य किया जाएगा।

■ कर्मचारी तार व खंभे के पास डंगलियों की कर रहे कटाई ताकि नगर व गाँवों में बिजली की आपूर्ति बनी रहे

# सीआरपीएफ मानसिक तनाव प्रबंधन पर मेडिटेशन प्रोग्राम आयोजित करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर स्थित केरिपुबल परिसर एवं एफओबी में तैनात कार्मिकों के लिए माता अमृतानन्दमयी स्त्राईन द्वारा जवानों का मानसिक तनाव प्रबन्धन पर एक कार्यक्रम आयोजित किया। उसी के तहत 188 वी बटालियन मुख्यालय कोण्डागांव, इस बटालियन के ए कम्पनी केषकाल एवं एफ कम्पनी पुश्पालघाट में भवेष चौधरी, कमाण्डेन्ट के दिशा–निर्देशों के अनुसार, अमृता मेडिटेषन की टीम के सहयोग से सफल योग अभ्यास का आयोजन कराया गया। जिसमें अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी एवं जवानों ने हिस्सा लिया एवं योग अभ्यास किया। इस मौके पर 188 बटालियन के अधिकारी कमलसिंह मीना उप. कमाण्डेन्ट, डॉ. राहुल चन्द्रन आर.पी. चिकित्सा अधिकारी–188 बटा एवं अधीनस्थ अधिकारियों व जवानों द्वारा योग अभ्यास किया गया। तथा सभी ने हर्ष व उल्लास के साथ नियमित योग अभ्यास करने का संकल्प लिया गया।



### जवानों ने बताया योग का महत्व

188 बटालियन केरिपुबल के भवेष चौधरी कमाण्डेन्ट द्वारा बताया गया कि 188 बटालियन नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात होने के बाद भी जवान निरंतर शारिरीक गतिविधि जिसमें खेल, पी.टी योग आदि करते रहते है। नियमित योग करने से व्यक्ति के शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है एवं शरीर स्वस्थ्य बना रहता है। योग निष्चित रुप से सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति प्रदान करनें का साधन है। यह हमारे तनावपूर्ण जीवन के लिये एक बडी राहत प्रदान करता है। जवान घर परिवार से दूर रहकर भी डयुटी की व्यस्तता से समय निकालकर योग आदि में हिस्सा लेते है।



# शादी का झांसा देकर, किया यौन शोषण, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मामला इस प्रकार है कि आरोपी सुशील कुमार पोद्दार पिता बहादुर पोद्दार उम्र 22 वर्ष निवासी मदेहपुर थाना खमरिया जिला मदेहपुर बिहार के द्वारा पीडिता के साथ, मैं तुमसे प्यार करता हूं तुमसे शादी करना चाहता हूं बोलकर शादी का प्रलोभन देकर, पीड़िता के साथ उसकी इच्छा के विरूद्ध लगातार शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया। पीड़िता की लिखित रिपोर्ट पर थाना कोंडागांव में अपराध क्रमांक 316,2024 धारा 376(2)(ढ) भा.द.वि. एवं 64(2)(ड) बी.एन.एस., 06 पॉक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार के द्वारा तत्काल आरोपी को गिरफ्तार करने निर्देश प्राप्त होने पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय कोण्डागांव कौशलेंद्र पटेल के मार्गदर्शन में एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोंडागांव रूपेश कुमार के पर्यवेक्षण मे थाना कोंडागांव के द्वारा टीम गठित कर फरार आरोपी सुशील कुमार पोद्दार के संबंध में पता तलाश किया गया। जिसे अभीरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया। जिसमें आरोपी ने पीड़िता के साथ बलात्कार करना स्वीकार किया जिस पर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमांड के लिए प्रस्तुत किया गया। न्यायिक रिमांड प्राप्त कर आरोपी को जेल में भेजा जा रहा है।

# सायबर व नशामुक्ति पर पुलिस ने किया जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय महाविद्यालय मर्दापाल और आई.टी.आई. में साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा अभियान के तहत साइबर एवं नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक येदुवल्ली अक्षय कुमार के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में हुआ।

साइबर सेल के उप निरीक्षक अमिताभ खांडेकर ने लोगों को बताया कि कैसे सोशल मीडिया का उपयोग करके ऑनलाइन ठगी हो रही है। उन्होंने कहा कि अपनी व्यक्तिगत जानकारी बिना जांचे किसी अन्य व्यक्ति को साझा करने से ऑनलाइन ठगी का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि अपना आधार कार्ड, एटीएम नंबर, पैन कार्ड, ओटीपी आदि जैसी जानकारी किसी भी व्यक्ति को बिना जानकारी के साझा न करें।



### नशा मुक्ति के बारे में बताया

थाना प्रभारी रविशंकर ध्रुव ने नशा मुक्ति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने नाबालिक बच्चों को मोटरसाइकिल नहीं चलाने और हेलमेट का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नए कानून के बारे में भी बताया।

### उपस्थित अधिकारी

कार्यक्रम में थाना प्रभारी रविशंकर ध्रुव, साइबर सेल जिला कोंडागांव से उप निरीक्षक अमिताभ खांडेकर, सहायक उप निरीक्षक नरेश साहू, सहायक उप निरीक्षक सागरबती सायबर सेल जिला कोंडागांव एवं थाना स्टॉफ, महाविद्यालय व आई.टी.आई. के प्राध्यापक और अध्यापक उपस्थित रहे।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया प्रेरित

इस कार्यक्रम में साइबर क्राइम से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई और नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को प्रेरित करने का प्रयास किया गया।

# जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत में बिरसा मुंडा और रानी दुर्गावती का योगदान है महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ के जनजातीय समाज की समृद्ध संस्कृति और गौरवशाली अतीत को सम्मानित करने के लिए शुक्रवार को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आई.टी.आई. विश्रामपुरी में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनजातीय समाज के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक योगदान पर गहन चर्चा हुई। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने इसे और विशेष बना दिया।

■ समाज का गौरवशाली अतीत पर विश्रामपुरी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सेवक राम नेताम केशकाल विधानसभा ने अपने उद्बोधन में जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत पर प्रकाश डाला और बिरसा मुंडा जैसे नायकों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा, जनजातीय समाज ने देश की आजादी और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज हम उन्हें सम्मानित कर गर्व महसूस कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि सुशीला मरकाम सरपंच अ विश्रामपुरी और पुष्पा चांदेकर सरपंच ब विश्रामपुरी ने भी जनजातीय समाज की परंपराओं और उनकी सांस्कृतिक धरोहर पर बात की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता मंगऊ कावड़े नारायणपुर, ने बिरसा मुंडा और रानी दुर्गावती के संघर्षों और योगदान को याद करते हुए कहा कि जनजातीय नायक सिर्फ अपने समाज के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। कार्यक्रम में आई.टी.आई. विश्रामपुरी और बड़े राजपुर के प्रशिक्षणार्थियों ने जनजातीय कला, संगीत और नृत्य का शानदार प्रदर्शन किया। इन प्रस्तुतियों में जनजातीय समाज की जीवनशैली, परंपराओं और संस्कृति की झलक देखने को मिली। खासकर, बिरसा मुंडा और रानी दुर्गावती के योगदान पर आधारित नाट्य प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इस मौके पर विश्रामपुरी और आसपास के क्षेत्रें के कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। जिनमें नवीन महाविद्यालय विश्रामपुरी के प्रभारी प्राचार्य भूपेंद्र सिंह मागिया, आई.टी.आई. मर्दापाल के प्राचार्य रवि नायक, कोंडागांव आई.टी.आई. के अधीक्षक ए.आर. बिशाल, और केशकाल आई.टी.आई. के प्रशिक्षण अधिकारी दिनेश्वर राम देवांगन शामिल रहे। सभी अतिथियों ने जनजातीय समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और उनके योगदान को सराहा। यह आयोजन छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। जनजातीय समाज की कला, संस्कृति और उनके संघषोंर् को सम्मानित करने का यह प्रयास, प्रदेश में उनकी अमूल्य धरोहर को संरक्षित करने की दिशा में एक सार्थक पहल रही।






### 500वीं जयंती पर रानी दुर्गावती को किया याद

*रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती भी इस अवसर पर मनाई गई। इस मौके पर महिलाओं के समाज में योगदान और उनकी भूमिका पर विशेष चर्चा की गई। सुशीला मरकाम ने कहा, प्रानी दुर्गावती जैसी वीरांगनाओं का संघर्ष और योगदान हमारे समाज के लिए आदर्श है। हमें उनकी शिक्षा और साहस से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में आई.टी.आई. विश्रामपुरी के प्राचार्य नरेंद्र कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। संयोजक अशोक कुमार ध्रुव और सहसंयोजक विजय पाल सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।*

## पेज 11 के शेष

### विक्रम को सक्रिय...

बनने के लिए अंदरूनी से अंदरूनी गाँव का व्यक्ति सदस्य बनने को तैयार है, उनका कहना है कि दस साल में मोदी सरकार ने जो काम करके दिखाया है, उतना काम कांग्रेस ने 50 साल में करके नहीं दिखाया है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में 5 साल में जो काम किया, उसी के चलते आईएएस को जेल की सजा काटनी पड़ रही है। पाँच साल में भ्रष्टाचार इतना हुआ है कि जनता ऊबरकर पांच साल में कांग्रेस को सिंहासन से उतारकर भाजपा को सरकार चलाने की जिम्मेदारी सौंप दी।

### अवैध रेत खनन...

गाँव में दो गुट बन गए है और यह गुट आपस में कभी भी टकरा सकते है और यह टकराहट विवाद पैदा कर सकती है। यह विवाद बड़ा रूप ले लिया तो बड़ी घटना भी हो सकती है। पुलिस मौन होकर इन नजारों को देख रहा है, परंतु इन मामलों को गंभीरता से नहीं ले रहा है। इसके अलावा राजस्व व खनिज के अधिकारी भी गंभीरता नहीं दिखा रहे है। इस बार लूट की जो होड़ मची हुई है, उससे तय है कि कभी भी किसी भी समय विवाद उत्पन्न हो सकता है। कांग्रेसियों ने कांग्रेस के कार्यकाल में प्रभुत्त का फायदा उठाकर खदान की खानापूर्ति किया है, कांग्रेसी खदान चला पाते है या सरेंडर हो जाएंगे, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। अवैध रेत व उत्खनन को लेकर अब ग्रामीणों में गुस्सा फूटने लगा है और गुस्सा बड़ा रूप ले लिया तो विवाद होना तय है।

### नपं चुनावः राजनीतिक...

आवश्यक पत्र और मतदाता सूची वितरित की गई। इस अवसर पर तहसीलदार सत्येंद्र शुक्ल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुलेश्वर सार्वा, मास्टर ट्रेनर केजू राम सिन्हा और मोहन जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन, भुनेश्वर नागराज, मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, संतोष ओझा, मोहित नायक और रानू सेन सहित अन्य बैठक में उपस्थित रहे।

### बीएसएफ ने खो-खो...

पर 178 वीं वाहिनी बीएसएफ के कमांडेट हरेंद्र सिंह रौतेला, द्वितीय कमान अधिकारी शैलेंद्र शर्मा सहित 4 अधिकारी, 09 अधीनस्थ अधिकारी और 55 अन्य रैंक कुल 69 बीएसएफ कर्मी शामिल हुए। इस आयोजन में लगभग 200 स्थानीय नागरिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भी अपनी-अपनी टीमों का उत्साहवर्धन कर इस खेल आयोजन को सफल बनाया।

178 वीं वाहिनी बीएसएफ कमांडेंट हरेंद्र सिंह रौतेला ने कहा कि यह प्रतियोगिता बीएसएफ और स्थानीय नागरिकों के बीच खेल भावना और आपसी भाईचारे को और प्रगाढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

कार्यक्रम की सफलता का श्रेय सभी प्रतिभागियों, अधिकारियों, कर्मियों और नागरिकों को जाता है, जिन्होंने इस आयोजन को यादगार बनाया। इस प्रकार के आयोजन न केवल खेल को बढ़ावा देते हैं, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बीएसएफ भविष्य में भी इसी तरह के खेल और सामाजिक गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा। अंत में कमांडेट ने विजयी टीम और सभी खिलाडियों एवं रेफरी को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### आकृति ने किया यूजीसी नेट क्वालीफाई



**गीदम।** जिले की व्यवसायिक नगरी गीदम की आकृति देवांगन ने राष्ट्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा यूजीसी नेट क्वालीफाई कर नया कीर्तिमान गढ़ा है। गौरतलब है कि गीदम निवासी गणपत देवांगन-जानकी देवांगन की पुत्री आकृति ने एमए तृतीय सेमेस्टर की पढ़ाई के दौरान ही यह उपलब्धि हासिल कर ली है। शासकीय दंतेश्वरी पीजी कॉलेज दंतेवाड़ा में एमए इतिहास की छात्रा आकृति देवांगन ने राष्ट्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा यूजीसी नेट क्वालीफाई कर नया कीर्तिमान गढ़ा है। महाविद्यालय की इतिहास विभागाध्यक्ष व शोध केंद्र की डॉ. शिखा सरकार के मार्गदर्शन व अतिथि शिक्षक परिवेश बर्मन व दुर्गेश नेताम के मार्गदर्शन में तैयारी कर सफलता हासिल की। आकृति ने इस उपलब्धि का श्रेय प्राध्यापकों व अपने माता-पिता की प्रेरणा को दिया है।

## आने जाने में छात्राओं को होगी सुविधा : अटामी

# कन्या शाला में विधायक ने किया साइकिल वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय कन्या उमवि गीदम में विधायक चैतराम अटामी के हाथों सायकल वितरण किया गया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि इस योजना से छात्राओं के घर से विद्यालय की दूरी घटेगी व शिक्षा सुगम व सुविधायुक्त होने से बालिका शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

सरकार की इस योजना का लाभ पाकर संस्था की छात्राएं काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। आगे विद्यार्थियों को शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने और नीट व जेईई जैसी परीक्षाओं की तैयारी के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रदान की जा रही कोचिंग सुविधाओं का लाभ उठाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक और राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त राकेश कुमार मिश्रा ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह में जिला पंचायत सदस्य संगीता नेताम, जनपद अध्यक्ष अंति वेक, शिक्षा समिति के अध्यक्ष मनीष सुराना, नवीन विश्वकर्मा, अभिमन्यु सोनी, जिला भाजपा महामंत्री व विद्यालय के एसएमडीसी अध्यक्ष संतोष गुप्ता, राकेश कुशवाहा, ममता गुप्ता, अजय अवस्थी और शिक्षा समिति के सदस्य राम प्यारे देवांगन की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गरिमामय बना दिया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े अन्य प्रमुख अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी एसके अम्बस्ता, खंड शिक्षा अधिकारी शेख रफीक, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी भवानी पुनेम, खंड स्त्रोत समन्वयक जितेन्द्र चौहान, सीएसी योगेश सोनी तथा विद्यालय के प्राचार्य कैलाश नीलम समेत अन्य उपस्थित थे।

## छात्राओं ने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर लोहा मनवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड



शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के नेतृत्व में संभाग स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन खेल प्रतियोगिताएं जारी है। जिसमें इन दिनों विश्वविद्यालय शिक्षण संस्थान जगदलपुर, बस्तर द्वारा सम्पन्न फुटबॉल महिला टीम के चयन में मां गंगादई शासकीय महाविद्यालय बस्तर की छात्राओं ने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपना लोहा मनवाया है।

विश्वविद्यालय की टीम में मां गंगादई बस्तर महाविद्यालय की कुल पांच छात्राओं का चयन हुआ है। जिनमें ललिता, सविता, संजू, अस्ती, सुबती ने विश्वविद्यालय महिला फुटबॉल टीम में अपनी जगह बनाई है। जिसका श्रेय महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी और फुटबॉल कोच विजय बोरकर को जाता है। नवीन महाविद्यालय बस्तर की इस उपलब्धि पर प्राचार्य भावेश नेताम एवं सभी स्टॉफ व कर्मचारियों ने छात्राओं को बेहतर खेल प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं हैं। ज्ञात हो कि बस्तर विश्वविद्यालय की महिला फुटबॉल टीम को आगामी 1 से 5 नवंबर तक ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए नेशनल स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी इंफाल, मणिपुर जाना है। अखिल भारतीय स्तर पर बस्तर की महिलाओं द्वारा फुटबॉल खेल में अपनी उपस्थिति निश्चित ही आने वाले समय में फुटबॉल के बेहतर भविष्य की संभावनाओं को इंगित करती है।

## कलेक्टर ने औचक निरीक्षण कर लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर/भोपालपटनम



कलेक्टर संबित मिश्रा विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लेने शुक्रवार को भोपालपटनम ब्लॉक पहुंचे। कलेक्टर के साथ सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम कस्तुरबा गांधी विद्यालय में विद्युत व्यवस्था की समुचित आपूर्ति एवं किचन शेड में सुधार के निर्देश दिए। वहीं स्कूल का नया भवन तैयार हो चुका है, सोमवार तक नए भवन में स्कूल संचालित करने को कहा। निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्वक भवन निर्माण एक माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए। स्वास्थ्य केन्द्र मद्देड़ के सीबीसी मशीन का अवलोकन किया एवं सीबीसी मशीन का मरम्मत जल्द कराने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया। आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र मद्देड़ में मीनू आधारित सब्जी नहीं पाए जाने पर सुपरवाईजर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। हायर सेकेण्डरी स्कूल मद्देड़ में बच्चों की कम उपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उपस्थिति बढ़ाने के लिए स्कूल के प्राचार्य को सख्त निर्देश दिए।

# साइबर फ्राड से बचने किया जा रहा जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहंडीगुड़ा

जिला बस्तर पुलिस द्वारा साइबर जन-जागरूकता पखवाड़ा अभियान चला कर क्षेत्र के लोगों को साइबर फ्राड से बचने हेतु जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में 19 अक्टूबर को थाना लोहंडीगुड़ा क्षेत्रांतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूल एवं आत्मानंद स्कूल उसरीबेड़ा में थाना प्रभारी निरीक्षक गणेश यादव एवं थाना स्टाफ के द्वारा पाम्प्लेट-बैनर, पोस्टर के माध्यम से साइबर जन-जागरूकता पखवाड़ा अभियान 2024 चलाया गया। स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को संदिग्ध लिंक, कॉल, अंजान व्हाटसअप कॉल से दूर रहने, केवाईसी अपडेट, फर्जी बैंक कॉल का झांसा, लॉटरी या ईनाम के लालच में नही आने एवं ओटीपी, पासवर्ड को किसी को भी शेयर नही करने, ठगी के रुपए समय पर होल्ड कराकर पुलिस के माध्यम से न्यायालय आदेश पर कैसे प्राप्त कर सकते है, आदि साइबर अपराध के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ ही साइबर ठगी की सूचना तत्काल पुलिस व साइबर सेल को देने के विषय बताया गया। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य हेम राव खापर्डे, बीआरसी एवं दोनों स्कूलों के शिक्षक गण उपस्थित थे।

## छात्र-छात्राओं को पढ़ाया साइबर फ्राड के नियमों का पाठ





**मद्देड़।** बीजापुर जिले के भोपालपटनम के मद्देड़ क्षेत्र अंतर्गत थाना प्रभारी एवं स्टाफ के नेतृत्व में आज स्कूली छात्र- छात्राओं को साइबर फ्राड के नियमों का पाठ पढ़ाया गया। विद्यार्थियों में साइबर नियमों के प्रति जागरूकता लाने के उद्धेश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मद्देड़ में कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें मद्देड़ थाना के थाना प्रभारी रवि शंकर साहू, उप निरीक्षक भगत सिंह नेताम, रामयश पटेल व स्टाफ द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओं को साइबर फ्राड के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया। इससे बचने अपने घर परिवार व आस पड़ोस के रिश्तेदारों को भी जानकारी देने की बात कही। थाना प्रभारी ने आगे बताया कि अपने मोबाईल नंबर से कोई अनजान कॉल, एसएमएस, आधार नंबर, बैंक एकाउंट, पिन नंबर, ओटीपी नंबर, सिक्रेट कोर्ड और कोई अन्य अनजान व्यक्ति के द्वारा मांगा जाता है, तो कभी भी शेयर या अपने से कोई भी जानकारी ना दे।

# नगरवासी शिवपुराण कथा आयोजन की तैयारी में जुटे



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

दिसंबर 2025 को नगर के वरिष्ठ नागरिक विजय प्रसाद तिवारी के अथक प्रयास से महा कथा वाचक प्रदीप मिश्रा के मुखारबिंदु से शिव पुराण कथा श्रवण करने का सौभाग्य गीदम नगरवासियों को प्राप्त होने वाला हैं। पंडित प्रदीप मिश्रा के कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने एवं सुव्यवस्थित कार्यक्रम आयोजित करने हेतु बाबा रामदेव मंदिर में नगर के युवाओं की आज बैठक आयोजित की गईं।

उक्त बैठक में सर्वप्रथम विजय तिवारी ने बताया कि पंडित मिश्रा का दिसम्बर 2025 को गीदम नगर में शिव पुराण कथा हेतु समय प्राप्त हो गया हैं, जिसका आयोजन नगरवासियों के सहयोग से कराया जाना हैं। सभी को जिम्मेदारी लेकर इस कार्य को संपादित किया जाना हैं। जिसमें सभी ने अपनी सहमति देते हुए एक-एक करके अपने विचार रखे। यह आयोजन बहुत बड़ा होने के कारण इस आयोजन को सफलता पूर्वक संपादित करने हेतु ॐ शिव पुराण आयोजन समिति गठित करने का निर्णय लिया। सभी की सहमति उपरांत समिति का गठन किया गया, जिसमें समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश चौहान, उपाध्यक्ष जगदीश राठी, अभिलाष तिवारी, झल्लर गुप्ता, रजनीश सुराना एवं मदन सोनी, सचिव राकेश कुमार मिश्रा, सह सचिव सुजीत सिंह, रोहित जैन, कोषाध्यक्ष पवन शर्मा, सह कोषाध्यक्ष कृष्ण चंद अवस्थी एवं संरक्षक के रूप में विधायक चैतराम अटामी, विजय प्रसाद तिवारी एवं विमल सुराना तथा प्रचार प्रसार और मिडिया प्रभारी के रूप में अतुल सिंह, सूरज सिंह एवं आशुतोष शिवहरे को चुना गया। सभी नगर वासियों के सर्व सम्मति से समिति का चयन करते हुए भविष्य में अलग-अलग कार्यों के लिए अलग-अलग समिति के गठन की भी चर्चा की गई।

अंत में समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश चौहान ने इतने बड़े आयोजन को सफल बनाने कि लिए सभी के सहयोग एवं मार्गदर्शन की बात कही।

## नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग बना रहा आयुष्मान कार्ड



बीजापुर। जिले के चारों विकास खण्डों में पहुंचविहीन क्षेत्र होने के कारण मोबाईल नेटवर्क नहीं है। ऐसे गांवों मे शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं को पहुंचाने हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा कड़ी मेहनत और चुनौतियों का सामना करके आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया की जा रही है। ताकि शासन की निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा का लाभ पहुंचविहीन क्षेत्र के ग्रामीण भी उठा सके। इसके लिए नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में दूसरे गांव जहां नेटवर्क है। वहां जाकर ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। नेटवर्क विहीन गांव ग्राम फुलादी, पुजारी, कांकेर, मुरकीनार, मलेपल्ली, नेंड्रा, चिपुरभट्टी, पुसबाका, टेकमेटला, सेण्ड्रा, केरपे, सागमेटा जैसे विभिन्न गांवों में स्वास्थ्य विभाग के टीम के साथ आयुष्मान ऑपररेटर उपस्थित होकर आयुष्मान कार्ड बना रहे है। ग्रामीणों में आयुष्मान कार्ड बनवाने के प्रति उत्सुकता भी नजर आ रहे है।

## 16 विद्यार्थी जूनियर रेडक्रॉस जम्बूरी में शामिल होने दुर्ग रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

जिले के 4 स्कूलों से 8 छात्र एवं 8 छात्राएं कुल 16 बच्चे एवं 1 महिला काउंसलर, 1 पुरुष काउंसलर एवं 1 प्रभारी कुल 19 लोग दुर्ग कैम्प में शामिल होने के लिए कलेक्टर संबित मिश्रा से मिलकर आज रवाना हुए। कलेक्टर संबित मिश्रा ने बच्चों से अपने कक्ष में कैम्प से संबंधित चर्चा के दौरान बच्चों को हर प्रतियोगिता में सीखने के तौर से शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि जीत हार होती रहती है किन्तु राज्य के सभी जिले से आये बच्चों से प्रतियोगिता के माध्यम से कुछ सीखने को मिलता है, वो सीखना महत्वपूर्ण है।

कलेक्टर ने बच्चों को हमेशा अनुशासन में रहकर अपने दायित्वों को पूरा करने अपने शिक्षकों, प्रभारियों के निर्देशों का पालन करने सहित शिविर में शामिल होने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी।

## सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा संकल्पित निरंतर होंगे जन उपयोगी कार्य : किरण देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव ने विधायक निधि से नगर पालिक निगम को 10 पानी टैंकर प्रदान किया है। विधायक निधि से 10 पानी टैंकरों को शनिवार को दंतेश्वरी मंदिर के सामने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने विधिवत पूजा अर्चना कर नगर पालिक निगम को प्रदाय किया। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में वैकल्पिक जल प्रदाय के लिये पानी टैंकर की आवश्यकता पड़ती रहती है। कभी कभी अपरिहार्य कारणों से पानी सप्लाई बाधित होने से टैंकरों के माध्यम से पानी की सप्लाई नगर निगम के द्वारा वार्डोंर् में किया जाता है। मांगलिक कार्यक्रम, सुख दुःख के कार्यो के लिये भी पानी टैंकर वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में उपयोगी होते हैं। निगम के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से चर्चा उपरांत विधायक निधि से 10 पानी टैंकर दिया जा रहा है। जिससे अब टैंकरों से पानी सप्लाई करने में नगर निगम को सुविधा होगी और शहर की जनता को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पर्याप्त टैंकरों के रहने से कहीं पर पानी की समस्या उत्पन्न होने पर लोगों को समय से टैंकर उपलब्ध हो सकेगा। नगर निगम क्षेत्र में जन उपयोगी कार्योंर् में कोई कमी नहीं आयेगी। आगे भी जनता की सुविधाओं से जुड़े कार्यो को प्राथमिकता में पूरा किया जायेगा। शहर के योजनाबद्ध विकास के लिये संकल्पित होकर काम किये जा रहे हैं। इस दौरान महापौर सफीरा साहू, एमआईसी सदस्य यशवर्धन राव, भारती श्रीवास्तव, योगेंद्र पांडे, आलोक अवस्थी, निर्मल पाणिग्रही, पार्षद संजय पांडे, दिगंबर राव, त्रिवेणी रंधारी, ममता पोटाई, नीलम यादव, सुनीता सिंह, आयुक्त हरेश मंडावी, राणा घोष, श्रीनिवास मिश्रा, राजेश श्रीवास्तव, कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज, सहायक अभियंता सोनू साहू, उप अभियंता संजीव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**नवजात शिशु का बना जाति प्रमाण पत्र : बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा ने बैठक में लगातार समीक्षा करते हुए नवजात शिशु को जन्म के बाद एक निर्धारित तिथि तक 5 आवश्यक दस्तावेज तैयार करने के लिए राजस्व, स्वास्थ्य, खाद्य एवं संबंधित विभाग को निर्देश दिया था। जिसके परिपालन में सर्वप्रथम बच्चों का नाम सहित जन्म प्रमाण पत्र बनाने राशन कार्ड में नाम प्रविष्टि, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं पिता के जाति प्रमाण पत्र के आधार पर 40 दिवस के भीतर बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए स्पष्ट कार्य योजना के तहत कार्य करने के निर्देश के तुमनार के दंपति ललित तेलम के पुत्र जिनका जन्म 19 सितंबर 2024 को हुआ, उसका जाति प्रमाण पत्र निर्धारित समयावधि में बनकर तैयार हो गया।







## दो सक्रिय नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

> ■ पुनर्वास नीति एवं नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर किया आत्मसमर्पण



रेंज फिल्ड टीम आरएफटी कोंटा एवं 50, 219 वाहिनी सीआरपीएफ एवं 208 कोबरा वाहिनी के विशेष प्रयास से दो नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। पुनर्वास नीति एवं नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में ओयाम हुंगा पिता ओयाम पाण्डू कामावरम आरपीसी. सेक्शन डिप्टी कमाण्डर 32 वर्ष निवासी राजपेंटा पटेलपारा थाना जगरगुण्डा एवं पोड़ियम जम्पू उर्फ गंपू पिता बदरा मेहता आरपीसी मिलिशिया सदस्य 22 वर्ष निवासी मेहता, पटेलपारा थाना कोंटा ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सुकमा में रेमताराम डिप्टी कमाण्डेन्ट 50 वाहिनी सीआरपीएफ, निरीक्षक रोशन सिंह राजपूत प्रभारी नक्सल सेल सुकमा एवं निरीक्षक अनिल कुमार 208 कोबरा वाहिनी के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया है।

उक्त नक्सली सदस्यों द्वारा प्रतिबंधित नक्सल संगठन में जुड़कर विभिन्न नक्सली गतिविधियों पुलिस गस्त पार्टी की रेकी करना, पुलिस पार्टी पर हमला करना, मुख्य मार्गो को खोदकर मार्ग अवरूद्ध करना, आम जनता से लूट-पाट करना, शासन-प्रशासन के

विरूद्ध नक्सली बेनर, पोस्टर, पर्चा-पाम्पलेट लगाने एवं अन्य घटनाओं में शामिल रहे हैं। आत्मसमर्पित दोनों नक्सलियों को छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधायें प्रदाय कराये जायेंगे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### शरद पूर्णिमा पर खीर प्रसाद का वितरण

**जगदलपुर।** भारतीय संस्कृति में कार्तिक माह के प्रारंभ के साथ ही त्योहारों की शुरूवात हो जाती हैं। कार्तिक माह वैष्णवों व कृष्ण भक्तों के मध्य दामोदर माह के नाम से प्रसिद्ध हैं जिन्हें धूमधाम से मनाते हैं। कृष्ण भक्त वैष्णव सम्प्रदाय का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था इस्कॉन प्रचार केंद्र में यशोदा दामोदर भगवान के सुंदर विग्रहों की स्थापना की गईं। जिसमे सैकड़ों भक्तों ने हरे कृष्ण कीर्तन किया एवं नृत्य के साथ भगवान का स्वागत किया। शरद पूर्णिमा को खीर प्रसाद का वितरण किया गया। इन विग्रहों की सेवा 1 माह तक 18 अक्टूबर से 15 नवम्बर तक कि जाएगी। कथावाचक ने भगवान कृष्ण को दामोदर नाम से इंगित किये जाने के विषय में विशेष कथा बताई। स्थापना कार्यक्रम में संस्था के सदस्य पंचजन्य धारी दास, योगेश्वरी देवी दासी, निल माधव दास, उर्मिला प्रिया देवी दासी, पूर्वा, निकिता, तुलसी, कौशिक, कुणाल, शिवम, प्रियांशु, प्रेम, लक्ष्मण उपस्थित रहे।

### 20 लाख की सहायता राशि जारी

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित 5 परिवारों को 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। ग्राम रेटावण्ड निवासी कनकीबाई की मृत्यु पानी में डूबने से पुत्र बलदेव को, ग्राम रबहार कैकागढ़ निवासी नीलावती की मृत्यु पानी में डूबने से पति जलधर को, ग्राम टोण्डापाल निवासी आरव कश्यप की मृत्यु सांप काटने से पिता बल्लू कश्यप को, ग्राम नानगुर निवासी मनोराम बघेल की मृत्यु पानी में डूबने से हुई है। पत्नि पुरनी बघेल और ग्राम बड़ेबादाम निवासी सुकरी कश्यप की मृत्यु पानी में डूबने से पुत्र मोतो कश्यप प्रत्येक को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### ग्राम हामतवाही में कलेक्टर के निर्देश पर जन समस्या निवारण शिविर हुआ

# जसनि शिविरि के 297 आवेदनों में से 25 का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



दुर्गुकोंदल विकासखण्ड के ग्राम हामतवाही में 19 अक्टूबर शानिवार को ब्लॉक स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निदेर्शानुसार जनपद अध्यक्ष संतो दुगा के अध्यक्षता में किया गया। शिविर में 297 आवेदन प्राप्त हुए और 25 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों को संबंधित विभाग को निराकरण के लिए निर्देशित किया गया है।

जिले के आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं का समाधान के लिए जिला एवं जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम हामतवाही में आयोजित शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 99, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के 20 तथा राजस्व विभाग के 17, शिक्षा विभाग 21, वन विभाग 38, श्रम विभाग 5, विद्युत विभाग 29, प्रधानमंत्री ग्रामीण 09, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग 16, स्वास्थ्य विभाग 4, पीडब्लूडी 5, कृषि विभाग 16, दूरसंचार विभाग तीन, केडा विभाग 7, उद्यानिकी विभाग 02, पशु पालन 01, जल संसाधन 05 कूल 297 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 25 आवेदन का मौके पर निराकरण किया गया एवं शेष 272 आवेदनों को संबंधित विभाग को भेजा गया। प्रदेश सरकार के द्वारा जल समस्या निवारण सहित लोगों के सुविधा के लिए कलेक्टर ग्राम पंचायत स्तर पर प्रशासन की ओर से की जा रही है, जिसमें लोगों को लाभ मिल सके और अपनी समस्या को प्रशासन के समक्ष रख सके। इस अवसर पर सीईओ सुरेंद्र बंजारे ने जब समस्या निवारण शरीर में क्षेत्र के लोगों के द्वारा विभिन्न बुनियादी समस्याओं समस्त विभाग के अलग-अलग आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसे मौके पर 25 आवेदन का निराकरण किया गया है।

वहीं शेष आवेदनों को संबंधित विभाग में भेजा गया है। इस तरह से लोगों की समस्या का समाधान विभाग के द्वारा की जाएगी।

शिविर में जिला पंचायत सदस्य अमिता उयके, भाजपा मंडल अध्यक्ष पीलम नरेटी, पंचायत प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विजय पटेल, जनपद सदस्य नागसाय तुलावी, धनीराम ध्रुव, सरपंच कलिता आचला, भावसिंह मडावी, भाजपा महिला मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शकुंतला नरेटी, भूतपूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिरो कोमरे, विकासखंड दुर्गूकोदल तहसीलदार केतन भोयर, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी डीआर कोमरा, खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर, आरईएस एसडीओ एके ठाकुर, खाद्य निरीक्षक ध्रुव, महिला बाल विकास अधिकारी आर वट्टी, प्राचार्य बाबूलाल कोमरे, महिला बाल विकास पर्यवेक्षक देव कुमारी परिहार उपस्थित रहे।

# भागवत श्रवण व सत्संग से जीवन को मिलती है दिशा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

- श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ सत्संग में पहुंची विधायक सावित्री मंडावी

नगर चारामा में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ सत्संग समारोह में भानुप्रतापपुर की विधायक सावित्री मनोज मण्डावी ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने इस धार्मिक आयोजन के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी।

विधायक सावित्री मनोज मण्डावी ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों का समाज में विशेष महत्व है। उन्होंने कहा हम जो कथा श्रवण करते हैं, उसे अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। विशेषकर युवाओं के लिए ऐसे सत्संगों का श्रवण करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे सही दिशा में जीवन का मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें। नशा समाज के विनाश का मूल है, और जितना इससे दूरी बनाएंगे, उतना ही हमारा जीवन बेहतर होगा। विधायक ने सभी से आह्वान किया कि इस कथा से प्रेरणा लेकर जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएं।

उन्होंने कार्यक्रम में मिले सम्मान के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा यहां से जाते समय हम सभी को कुछ न कुछ मूल्यवान सीख लेकर जाना चाहिए, यही मेरी कामना है। समारोह के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने कथा का श्रवण कर पुण्य अर्जित किया।

# सांसद को विश्व हिन्दू परिषद ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



धर्मान्तरण के मुद्दे को लेकर विश्व हिंदू परिषद का प्रतिनिधि मंडल जिलाधीश और पुलिस अधीक्षक से मिल कर ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने जीजस कॉल्स ग्लोबल मिनिस्ट्रीज ईसाई मिशनरी के प्रशासनिक अनुमति को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की मांग की गई है। आज विश्व हिंदू परिषद का प्रतिनिधि मंडल सांसद महेश कश्यप को ज्ञापन देने उनके सरकारी आवास पर पहुंचा। वहां धर्म सभा के आयोजन पर विस्तृत चर्चा कर पॉल दिनकरन के खिलाफ चल रहे आर्थिक आपराधिक मामलों की विस्तृत जांच की छाया प्रति व ज्ञापन सौंपा। इसी के साथ राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष का पत्र भी सौंपा जिसमें उन्होंने अरुणाचल प्रदेश के डीजीपी को दिनकरन के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। सभी की बातों को गंभीरता पूर्वक सुनने व ज्ञापन देखने के बाद सांसद ने आश्वस्त किया कि वो भी विश्व हिंदू परिषद के पूर्व कार्यकर्ता हैं व सभी विषयों को समझते हैं। धर्मान्तरण का मुद्दा अहम है। वो विश्व हिंदू परिषद के साथ हमेशा से ही रहे हैं। इसी विषय पर विश्व हिंदू परिषद का प्रतिनिधि मंडल विधायक व बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव से भी उनके सरकारी आवास पर मिलना चाहता था किंतु मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा में व्यस्त होते हुए उन्हें मंदिर में ही ज्ञापन सौंपा गया।

उन्होंने सभी को इस विषय पर आश्वस्त किया। प्रतिनिधि मंडल में विभाग मंत्री रवि ब्रम्हचारी, हरी साहू, प्रेम चालकी, लखीधर बघेल, योगेन्द्र कौशिक, शंकर लाल गुप्ता, नवीन देवांगन, कैलाश ठाकुर, अनिल अग्रवाल, अर्जुन सिंह परिहार, प्रबल प्रताप श्रीवास्तव व अन्य उपस्थित थे।

# मातृशक्तियों को स्वावलंबी बनाने ग्रामीण क्षेत्रों में होगा महतारी सदन का निर्माण : किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



प्रदेश की लाखों महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने प्रदेश सरकार ने महतारी वंदन योजना आरंभ की है। अब छत्तीसगढ़ की मातृशक्तियों को स्वावलम्बी बनाने महतारी सदन का निर्माण विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में किये जाने का निर्णय लिया गया है। महतारी सदन में ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें उनके ही क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का पुनीत उद्देश्य रखा गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव के अनुशंसा पर जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के चार स्थलों में महतारी सदन बनाने की स्वीकृति छत्तीसगढ़ सरकार से प्राप्त हुई है। जिसमें नानगुर, मारकेल, चिंगपाल , कोलेंग में महतारी सदन निर्माण कार्य करने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसके लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार मानते कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के पहल पर क्षेत्र का चौमुखी विकास हो रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा महतारी सदन के निर्माण से हमारी मातृशक्ति आत्मनिर्भर बनने के साथ स्वावलंबी जीवन जीने एवं सशक्त होने का अवसर मिलेगा।

महतारी सदन में महिलाओं को प्रशिक्षण करने के साथ रोजगार के अवसर सुलभ कराकर स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने जगदलपुर विधानसभा के लिए चार महतारी सदन में 24 लाख 70 हजार रुपए में प्रत्येक महतारी सदन का निर्माण किया जाएगा।

# सुहागिन महिलाओं ने पति के दीर्घ जीवन के लिए किया करवाचौथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी पर शनिवार को सुहागिन महिलाओं ने पति के दीर्घ जीवन के लिए करवाचौथ का निर्जला व्रत रखा। पति की लंबी उम्र तथा स्वस्थ जीवन के लिए दिनभर उपवास रखकर व्रती महिलाओं ने मां गौरी की पूजा-अर्चना कर कथा सुनी। इसके बाद रात 8 बजे के बाद चलनी की ओट से चंद्र दर्शन कर पूरी श्रद्धा के साथ अर्घ्य दिया। महिलाओं ने चांद का देखने के साथ पति का चेहरा देखकर उपवास भी तोड़ा। नव विवाहिताओं ने चंद्र दर्शन के बाद पति के हाथ से पानी पीकर व्रत पूरा किया। इसके पहले पर्व को लेकर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह रहा। पति की लंबी उम्र की कामना के लिए महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रखा। शाम के समय करवा चौथ की कथा सुनी। इसके बाद महिलाओं ने चांद निकलने का इंतजार किया।

### ग्रामीण अंचल में भी करवाचौथ का क्रेज

बस्तर के ग्रामीण अंचल में अधिकांश महिलाएं सौभाग्य की कामना के लिए ज्येष्ठ मास में पड़ने वाली वट सावित्री अमावस्या का व्रत करती हैं। इधर पिछले कुछ वर्षों से अब करवा चौथ व्रत का प्रचलन बढ़ चला है।

# जयराम हत्याकांड की गुत्थी सुलझी, दो जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

- जादू-टोना के शक में हत्या, डीएसपी उन्नति ठाकुर के मार्गदर्शन में बारसूर थाना को मिली सफलता



मृतक जयराम मुचाकी को जादू-टोना के शक में टंगिया से मारकर हत्या करने वाले फरार आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा। बारसूर थाना पुलिस ने ब्लाईण्ड मर्डर की गुत्थी सुलझा कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है। पुलिस के आलाधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बारसूर उन्नति ठाकुर के पर्यवेक्षण व थाना प्रभारी संजय कुमार उरसा के नेतृत्व में थाना बारसूर के अपराध क्रमांक 17/2024 धारा 103(1), 3(5) बीएनएस 2023 घटना दिनांक 27 अगस्त 2024 से घटना कारित कर फरार 2 अज्ञात आरोपियों की पता साजी की जा रही थी। मुखबीर की सूचना पर बारसूर पुलिस पार्टी द्वारा दबिश देकर घेराबंदी कर ग्राम हिड़पाल ताड़िमपारा जंगल से दो संदिग्ध आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपना नाम बुधराम मुचाकी एवं शिवराम कश्यप दोनों निवासी हिड़पाल ताड़िमपारा का होना बताने पर दोनों संदिग्धों को पूछताछ के लिए थाना लाये। दोनों आरोपियों के द्वारा ही मृतक जयराम मुचाकी को जादू-टोना के शक में टंगिया से मारकर हत्या करना बताने पर आरोपियों का मेमोरण्डम कथन लिया गया। जिसमें दोनों के द्वारा अपराध कबूल करना व घटना में प्रयुक्त 1 लोहे का टंगिया को आरोपी शिवराम कश्यप द्वारा अपने घर से लगभग 100 मीटर की दूरी नाला के पास जंगल से पेश करने पर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

# बीआरओ के सहारे सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र पूवर्ती व सिलगेर तक बनेगी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बॉर्डर रोड आर्गनाइजेशन नक्सलियों के गढ़ और बटालियन नंबर-1 के ठिकाने पूववर्ती तक सड़क बनाएगा। पूववर्ती तक यदि फोर्स के जवानों की आमद-रफ्त बढ़ी तो यह नक्सलवाद के ताबूत में अंतिम कील साबित होगी। कहते हैं इस पूरे इलाके में लाल लड़ाके काफी मजबूत हैं। पूववर्ती का इलाका, जो अब तक नक्सलियों का गढ़ बना हुआ था, वहां तक पहुंचने के लिए सड़क निर्माण बेहद चुनौतीपूर्ण काम है। बीआरओ का यह प्रयास बस्तर के नक्सल प्रभावित इलाकों में बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। दरअसल नक्सलगढ़ को भेदने सशस्त्र बल के साथ मिलकर काम करने सीमा सड़क संगठन 2 दशक बाद बस्तर में वापसी कर रहा है। बताया जा रहा है कि बस्तर को नक्सलमुक्त बनाने का सपना तभी साकार हो सकेगा, जब अंदरुनी इलाकों में इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर होगा। बीआरओ से बेहतर निर्माण एजेंसी नहीं हो सकती, लेकिन सेंट्रल से मॉनीटरिंग होगी तो और बेहतर परिणाम आएंगे। पुराने अनुभव बताते हैं कि कोऑर्डिनेशन के अभाव में समय पर काम पूरा नहीं हो पाता।

### दिल्ली में बनी योजना

हाल ही में दिल्ली में हुई बैठक पर सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र सिलगेर- पूववर्ती-कोंडापल्ली एवं तर्रेम-कोंडापल्ली क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य होने योजना बनी। इसके लिए प्रयास किया जा रहा है।

### 10वीं और 12वीं की ओपन परीक्षा अब 14 नवंबर से

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन परीक्षा हाईस्कूल हायर सेकेंडरी की ओपन स्कूल की तीसरी परीक्षा अब 14 नवंबर से शुरू होगी। रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव 13 नवंबर को होने की वजह से तारीख में बदलाव किया गया है। पहले बारहवीं की परीक्षा 11 नवंबर से और दसवीं की 13 नवंबर से होने वाली थी, लेकिन अब दोनों परीक्षाएं 14 से होगी। ओपन स्कूल की ओर से परीक्षा के लिए संशोधित समय-सारणी जारी की गई है। दोनों परीक्षाएं 29 नवंबर तक आयोजित की जाएगी।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

# कबाड़ से जुगाड़ स्पर्धा का किया आयोजन, गोदावरी ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भानुप्रतापपदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग के द्वारा कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 24 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम गोदावरी दर्रो एमए प्रथम सेमेस्टर समाज शास्त्र, द्वितीय स्थान योगेश साहू, तृतीय स्थान वेदिका मरकाम एमए तृतीय सेमेस्टर रही। भानुप्रतापपदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम ने कहा कि समाजशास्त्र विभाग के द्वारा हमेशा से कुछ ना कुछ नवाचार करने का प्रयास किया जाता रहा है। शिक्षा का उद्देश्य केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नही है, वरन व्यवहारिक ज्ञान से भी है। प्रत्येक व्यक्ति में कोई न कोई प्रतिभा छिपी होती है उनकी रचनात्मकता, चिंतनशीलता को उभारने के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसमें विद्यार्थियों ने उन वस्तुओं का उपयोग किया, जिन्हे सामान्यताः कबाड़ समझकर फेंक दिया जाता है। इस प्रतियोगिता में समाजशास्त्र के विद्यार्थियों ने अपनी कला और सृजनशीलता को नए वस्तुओं तथा कलाकृति के रूप में प्रदर्शित किया।

निर्णायक की भूमिका निभा रहे डॉ. एसआर बंजारे ने बच्चो के मनोबल को बढ़ाते हुए उनके कार्यो की प्रशंसा किया। उन्होने कहा समाज शास्त्र के विद्यार्थी बहुमुखी प्रतिभा के धनी है, यह उनके कार्यो में झलकता है। निर्णायक की भूमिका निभाने वाली डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि समाजशास्त्र विभाग हमेशा से भीड़ से अलग हटकर कार्य करते है जो उनकी मौलिक चिंतन एवं समाजिकता को दर्शाता है। डॉ. बसंत नाग ने विद्यार्थियों को हमेशा क्रियाशील रहने की बात कहते हुए कहा कि हमें अपनी सृजनषीलता को किसी न किसी रूप में प्रदर्शित करते रहना चाहिए। डॉ. वीके रामटेके ने विद्यार्थियों के सार्थक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा यह हम सभी के मौलिक चिंतन का प्रभाव है कि विद्यार्थी स्वस्फूर्त होकर प्रतियोगिता में भाग लिये । डॉ. राजेष षुक्ला ने कहा विद्यार्थी और शिक्षक आपसी सामंजस्य ये अपने प्रतिभा को उकेर सकते है। आयोजित प्रतियोगिता को सफल बनाने में डॉ. पूनम साहू, डॉ. अभिषेक बाजपेयी, प्रो. सुमिता पाण्डेय, डॉ. आशीष नेताम, प्रो. रिचा सगने, विजय कुमार, जीतू सिन्हा, दीपक कोर्राम, युवराज साहू, बिंदिया उइके, हेमलता नेताम, रश्मि नुरेटी, तरूणा जैन, रविना जैन, अमिषा पटेल, सलिमा हिचामी, देविका भुआर्य, धारणा साहू सहित छात्र -छात्राएं और प्राध्यापक उपस्थित रहे ।

### आमाबाल में 9 पेटी गोवा शराब बरामद

**जगदलपुर।** पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन अति. पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन, एसडीओपी घनश्याम कामडे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी भानपुरी राकेश राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्यवाही के लिए रवाना किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 19,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
27 अप्रैल से 10 मई 2025, 02 मई से 15 मई 2025
8 मई से 21 मई 2025, 13 मई से 26 मई 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशि:-स्लीपर-19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411